इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत


दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "॥

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -344 राजनांदगांव, गुरूवार 07 नवंबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## धनखड़ ने 37 विभूतियों व चार संस्थाओं को किया सम्मानित

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड 36 विभूतियों को छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण से सम्मानित किया। राज्यपाल रमेन डेका ने समारोह की अध्यक्षता की, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रहे।

राजधानी नवा रायपुर में आज राज्योत्सव के अवसर पर राज्य के महान विभूतियों के नाम से अलंकरण प्रदान करने समारोह का आयोजन किया गया। राज्य अलंकरण समारोह एवं राज्योत्सव के समापन समारोह पर छत्तीसगढ़ की विभिन्न 36 विभूतियों को उनकी उपलब्धियों एवं राज्य के विकास में योगदान के लिए राज्य अलंकरण से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ की विभिन्न 36 विभूतियों को उनकी उपलब्धियों एवं राज्य के विकास में योगदान के लिए राज्य अलंकरण से सम्मानित किए गए उनमें आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आदिवासी पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए शहीद वीरनारायण सिंह पुरस्कार बुटलू राम माथरा को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड ने प्रदान किया। इसी प्रकार सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिया जाने वाला अहिंसा एवं गौ-रक्षा के क्षेत्र में यति यतनलाल सम्मान मनोहर गौशाला खैरागढ़, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुण्डाधूर सम्मान सुश्री छोटी मेहरा, खेल (तीरंदाजी) के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए




० अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रहे

महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान विकास कुमार को प्रदान किया गया। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्थान के क्षेत्र में मिनीमाता सम्मान श्रीमती पार्वती ढीढी, महिलाओं में वीरता, शौर्य, साहस तथा आत्मबल को सशक्त बनाने के लिए वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी स्मृति पुरस्कार श्रीमती अदिती कश्यप और महिलाओं के उत्पीडन के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान के लिए माता बहादुर कलारिन सम्मान कुमारी चित्ररेखा सिन्हा, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक चेतना और दलित उत्थान के क्षेत्र में गुरू घासीदास सम्मान राजेन्द्र रंगीला (गिलहरे), सहकारिता विभाग द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में ठाकुर प्यारेलाल सम्मान शशिकांत द्विवेदी को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड ने प्रदान किया गया।

इसी तरह सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान उमेश कच्छप, संस्कृति विभाग द्वारा हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पंडित सुन्दरलाल शर्मा सम्मान डॉ. सत्यभामा आडिल, संस्कृति विभाग द्वारा संगीत एवं कला के क्षेत्र में चक्रधर सम्मान पं. सुधाकर रामभाऊ शेवलीकर को प्रदान उप राष्ट्रपति श्री धनखड ने प्रदान किया। संस्कृति विभाग द्वारा लोककला एवं शिल्प के क्षेत्र में दिया जाने वाला दाऊ मंदराजी सम्मान पंडीराम मंडावी को प्रदान किया गया। संस्कृति विभाग द्वारा ही छत्तीसगढ़ी लोकगीत के लिए लक्ष्मण मस्तुरिया सम्मान श्रीमती निर्मला ठाकुर (बेलचंदन) और छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के लिए खुमान साव सम्मान दुष्यंत कुमार हरमुख, कृषि विभाग द्वारा कृषि के क्षेत्र में डॉ. खूबचंद बघेल सम्मान संयुक्त रूप से शिवकुमार चंद्रवंशी और खेमराज पटेल को प्रदान किया गया। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए महाराजा अग्रसेन सम्मान सियाराम अग्रवाल, समाज कल्याण विभाग द्वारा दानशीलता, सौहार्द्र एवं अनुकरणीय सहायता के क्षेत्र में दानवीर भामाशाह सम्मान सुभाष चंद अग्रवाल, मत्स्य विभाग द्वारा मछली (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## डोनाल्ड ट्रंप दोबारा अमेरिका के राष्ट्रपति बन गए

रॉयटर्स, वाशिंगटन। अपने बिंदास अंदाज के लिए पहचाने जाने वाले डोनाल्ड ट्रंप ने आखिर व्हाइट हाउस में वापसी की अपनी जिद पूरी कर ली। इस राह में उन्हें तमाम मुकदमों-आरोपों-चुटीली टिप्पणियों का सामना करना पड़ा लेकिन 78 वर्षीय ट्रंप कहीं नहीं ठिठके..। जारी मतगणना के बीच रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी ट्रंप ने 279 इलेक्टोरल कॉलेज वोट हासिल कर लिए हैं जबकि अमेरिकी संविधान के अनुसार राष्ट्रपति बनने के लिए आवश्यकता 270 वोटों के समर्थन की होती है। उनकी प्रतिद्वंद्वी भारतीय मूल की डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी कमला हैरिस को अभी तक 223 इलेक्टोरल वोट का समर्थन हासिल हुआ है। ट्रंप ने इस जीत के लिए अमेरिकी जनता का आभार जताया है और उत्साह से भरे समर्थकों के बीच मुट्ठी बांधकर



चुनाव जीतने के साथ ही ट्रंप की ये जिद हुई पूरी, भारत-अमेरिका के

आखिरी सांस तक लड़ने का ऐलान किया है।

### डोनाल्ड ट्रंप को 51 प्रति. मत मिले

उन्होंने कहा कि वह अमेरिका को मजबूत, सुरक्षित और संपन्न बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्रंप को मित्र संबोधित करते हुए बधाई दी है। अभी तक की मतगणना में डोनाल्ड ट्रंप को 51 प्रतिशत मत मिले हैं जबकि हैरिस को 47 प्रतिशत मत मिले हैं। ट्रंप को हैरिस से करीब 50 लाख मत ज्यादा मिले हैं।

### उपराष्ट्रपति पद पर जेडी वेंस जीते

फ्लोरिडा के पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में समर्थकों के बीच कहा कि अमेरिका ने हमें अप्रत्याशित जनादेश दिया है, अब हमें उसे ताकत में बदलना है। ट्रंप के साथ उपराष्टपति पद पर जेडी वेंस जीते हैं जिनकी पत्नी ऊषा वेंस भारतीय मूल की हैं। जबकि हैरिस ने फिलहाल कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है।

### अमेरिका-भारत व्यापार संबंध

जनवरी 2025 में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद भारत को व्यापार और आव्रजन मामलों में थोड़ी दिक्कतें आ सकती हैं लेकिन सबसे ज्यादा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को कैबिनेट की मंजूरी, 22 लाख स्टूडेंट्स को मिलेगा इसका लाभ, 75 फीसदी गारंटी लेगी सरकार




नई दिल्ली। केंद्र सरकार की कैबिनेट की बैठक में पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी गई। नई दिल्ली में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में उच्च शिक्षा के 7.5 लाख रुपए तक का लोन मुहैया कराएगी। इस लोन की 75 प्रतिशत क्रेडिट गारंटी भारत सरकार देगी। इस लोन की पात्रता के अन्तर्गत 8 लाख रुपए सालाना आमदनी वाले परिवार के बच्चे आएंगे। इन परिवार के बच्चों को 3त्न की ब्याज सब्सिडी के तहत 10 लाख रुपये तक का लोन दिया जाएगा।

गौरतलब है कि 4.5 लाख रुपए तक की सालाना आय वाले स्टूडेंट्स को पहले से पूर्ण ब्याज अनुदान मिल रहा है। इस योजना के तहत 860 गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा केंद्रों के 22 लाख से अधिक स्टूडेंट्स आएंगे। इस बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। इस बैठक में कहा गया कि इस योजना को लागू करने का उद्देश्य मेधावी छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है ताकि वे बगैर किसी बाधा के अपनी पढ़ाई जारी कर सकें।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कैबिनेट की बैठक के बारे लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि कैबिनेट ने पीएम विद्यालक्ष्मी को मंजूरी दी, जो एक नई केंद्रीय योजना है। इसका लक्ष्य मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि वित्तीय बाधाएं किसी को हायर स्टडी से न रोक सकें। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत कोई भी स्टूडेंट बैंकों, वित्तीय संस्थानों से जमानत लिए बगैर, गारंटर के सहयोग के बिना लोन लेकर उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश ले सकेगा। इस योजना की सहायता से छात्रों को सिलेबस से जुड़े ट्यूशन फीस और दूसरे खर्चों की पूरी राशि को कवर किया जा सके।




## डॉक्टरों का सामूहिक इस्तीफा: स्वास्थ्य मंत्री बोले एनपीए लेने वाले नहीं कर सकते निजी प्रैक्टिस, निकालेगें बीच का रास्ता



रायपुर(दावा)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगाव जिले के मेडिकल कॉलेज के 20 डॉक्टरों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। बुधवार को इस मामले को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि, कोई भी डॉक्टर जो एनपीए (नान प्रैक्टिस अलाउंस) लेते हैं, वो निजी प्रैक्टिस नहीं कर सकते हैं। ऐसे डॉक्टर जो एनपीए नहीं लेते अपनी ड्यूटी के बाद निजी प्रैक्टिस कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि, यह सरकार की गाइडलाइन है और यह पुराना अधिनियम है। इस बात को लेकर संविदा डॉक्टर इस्तीफा दे रहे हैं, इस्तीफा देने वालों से बातचीत जारी है। हमारे पास डॉक्टरों की कमी है, ऐसी स्थिति में डॉक्टर इस्तीफा देंगे तो संकट पैदा होगा। हमारी बातचीत चल रही है और हम बीच का रास्ता निकालेंगे।

उल्लेखनीय है कि, राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में 20 डॉक्टर ने सामूहिक इस्तीफा डीन को सौंप दिया है। पत्र में उन्होंने कहा कि, राज्य सरकार द्वारा निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस को लेकर जो कड़ाई बरती गई है, उसे यदि जल्द ही वापस नहीं लिया गया तो वह सामूहिक इस्तीफा के लिए बाध्य होंगे। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में डॉक्टर के इस्तीफा की बात को लेकर स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

0 स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई

शासकीय संस्थानों में सरकारी डॉक्टर्स द्वारा इस्तीफा का सिलसिला लगातार जारी है। राज्य सरकार द्वारा प्राइवेट प्रैक्टिस को लेकर जारी किए गए आदेश के बाद तीन डॉक्टर जिले भर में इस्तीफा दे चुके हैं। वही आज 20 डॉक्टर ने एक साथ सामूहिक इस्तीफा देने के लिए पत्र मेडिकल कॉलेज के दिन को सौंपा है। इसके बाद से हड़कंप की स्थिति बन गई है। यदि डॉक्टर द्वारा सामूहिक इस्तीफा दे दिया जाता है तो जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा जाएगी। वहीं मेडिकल कॉलेज की मान्यता भी खतरे में पड़ जाएगी। इसके बाद यहां के छात्र-छात्राओं का करियर भी प्रभावित हो सकता है।

### आदेश वापस लेने की मांग

राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के 300 किलोमीटर के दायरे में मरीज के लिए स्वास्थ्य व्यवस्था की जिम्मेदारी है। ऐसे में डॉक्टर के सामूहिक इस्तीफा की खबर मरीज के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स ने पत्र में कहा है कि, यदि राज्य शासन द्वारा कडाई का आदेश वापस नहीं लिया जाएगा तो, वे सामूहिक इस्तीफा देने के लिए बाध्य होंगे।

### शासन के दिशा- निर्देश के अनुसार करेंगे काम- पीआरओ

इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के पीआरओ डॉक्टर पवन जेठानी ने कहा कि, 20 लोगों ने एक साथ सामूहिक इस्तीफा दिया है। यह इस्तीफा डीन को दिया गया है, लेकिन डीन इसे स्वीकार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ट्रंप की शानदार जीत के बाद पीएम मोदी ने इस अंदाज में दी "दोस्त" को बधाई



वाशिंगटन। अमेरिका में चल रहे राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन्हें बधाई दी है. पीएम मोदी ने एक्स पर ट्रंप के साथ कुछ तस्वीरों को शेयर किया है, साथ ही उनके लिए एक बधाई संदेश लिखा है. पीएम मोदी के अलावा इजराइल के पीएम नेतन्याहू, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रॉन, अल साल्वाडोर के राष्ट्रपति नायब बुकेले और और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने भी ट्रंप को जीत की बधाई दी है. पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा 'मेरे मित्र ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। जैसा कि आप अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं, मैं भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग को नवीनीकृत करने की आशा करता हूं. आइए हम सब मिलकर अपने लोगों की बेहतरी के लिए काम करें और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा दें.'

## सचिन पायलट ने कानून व्यवस्था पर उठाये सवाल, कहा, कांग्रेस पर आरोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से नहीं भाग सकते

रायपुर (दावा)। रायपुर दक्षिण के उपचुनाव में जीत का भरोसा कांग्रेस ने जताया है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा है कि उपचुनाव के माध्यम से संदेश देना जरूरी है। कांग्रेस पार्टी ने नौजवान को टिकट दिया है अच्छा चुनाव लड़ रहे हैं, दूसरी तरफ उपचुनाव में पूरी सरकार लगी हुई है है। कांग्रेस पार्टी नौजवानों के ऊर्जा के बल पर चुनाव जीतेगी। सचिन पायलट ने कानून व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा कि आज जो हालात बने हैं उसके लिए सरकार जिम्मेदार है।



सचिन पायलट ने जशपुर में हुई हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के खुद के क्षेत्र में हत्याएं हो रही है। उप मुख्यमंत्री के क्षेत्र में हिंसक घटनाएं हो रही है। विपक्ष को लगातार दबाने का काम किया जा रहा है। एजेंसियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। सभी वर्ग के लोग हमारे प्रत्याशी के साथ खड़े हैं। चुनाव में अच्छा समर्थन हम लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हर चीज में आजकल कांग्रेस पर आरोप लगाया जा रहा है। यह सभी हथकंडे अपनी जान बचाने के हां। जब दो सरकारें बीजेपी की है तब भी कांग्रेस पर आरोप लगा रहे हैं, यह बीजेपी की नर्वसनेस को बताता है। वहीं धर्मांतरण को लेकर कांग्रेस पर लगे आरोप पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक पुरानी राजनीतिक विचारधारा है। कांग्रेसी अपनी जिम्मेदारी समझते है। जनता के सामने हमारा काम है और जनता निर्णय लेगी, लेकिन बीजेपी यूसीसी, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराने की तैयारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराने का रास्ता साफ हो गया है। राज्य सरकार ने निकाय चुनाव के नियमों में बदलाव कर दिया है। बदले नियमों को नगर पालिक निगम (संशोधन) अध्यादेश 2024 में प्रकाशित भी कर दिया गया है। इसके बाद अब निकाय चुनाव का कार्यकाल खत्म होने के छह महीने तक भी व्यवस्था को संभाला जा सकेगा। इससे पंचायत चुनाव की अवधि आने तक दोनों का चुनाव एक साथ कराने में सहूलियत होगी। जारी अधिसूचना के अनुसार, यदि निकायों के चुनावी कार्यकाल पूरा होने से पहले नगर पालिका और नगर पंचायत पुनर्गठित नहीं की जाती है, तो छह माह के लिए राज्य सरकार व्यवस्था बनाकर आगे के कार्य का संचालन करवा सकेगी।

हालांकि इस छह महीने के भीतर पुनः चुनाव कराना अनिवार्य होगा। मतदाता सूची में कोई त्रुटि है तो उसे संशोधित किया जा सकेगा। गौरतलब है कि कुछ समय पहले राज्य सरकार ने आईएएस ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में पंचायत-निकाय चुनाव एक साथ कराने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनाई थी। कमेटी ने भी एक साथ चुनाव कराने की अनुशंसा की थी। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का कहना है कि अब लोगों को अपना नेता चुनने का अधिकार होगा। कांग्रेस ने हार के डर से चुनाव प्रणाली को बदला था। इधर, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हार के डर से स्थानीय निकायों के चुनाव को आगे बढ़ाना चाहती है।

### प्रदेश में नगरीय निकायों की स्थिति

कुल निकाय - 184
नगर निगम - 14
नगर पालिका परिषद - 48
नगर पंचायत - 122




## महिलाओं को 3000 रुपये, जाति जनगणना, किसानों का लोन माफ- एमवीए ने दी ये 5 गारंटी

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाडी (एमव्हीए) ने बुधवार को पांच गारंटियों की घोषणा की है। एमवीए की संयुक्त सभा आज शाम मुंबई के बीकेसी में हुई। इस दौरान 5 चुनावी गारंटियों की घोषणा की गई है। महायुति की मुख्यमंत्री लाडकी बहीण योजना के जवाब में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महालक्ष्मी योजना की घोषणा की है। इसके तहत लाभार्थी महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपये दिए जाएंगे।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने आज संयुक्त रैली में एमवीए का घोषणापत्र जारी किया। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, 'यह विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ अरबपतियों की सरकार और दूसरी तरफ गरीबों, किसानों और युवाओं की सरकार। इंडिया गठबंधन ने इसलिए महाराष्ट्र की जनता को 5 गारंटी दी है और आज मुझे आपको 5 गारंटियों में से पहली गारंटी के बारे में बताने के लिए कहा गया हैज महालक्ष्मी योजना के तहत हर महिला के बैंक अकाउंट में इंडिया गठबंधन की सरकार 3000 रुपये देने जा रही है, महाराष्ट्र में महिलाएं अगर कहीं बस में यात्रा करेंगी तो उन्हें टिकट खरीदने के लिए एक रुपया नहीं देना होगा, क्योंकि बीजेपी की सरकार ने आपको जो चोट दी है, इसका सबसे ज्यादा दर्द महाराष्ट्र की महिलाओं को झेलना पड़ा है।



### भाजपा पर किया कटाक्ष

बीजेपी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा, देश में विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ बीजेपी-आरएसएस है। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है। एक तरफ आंबेडकर जी का संविधान है, जिसमें एकता, समानता, मोहब्बत और सम्मान है। दूसरी तरफ बीजेपी-आरएसएस के लोग हैं, जो (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### महाराष्ट्र के लिए महाविकास आघाडी (इंडिया गठबंधन) की 5 गारंटी

1) महालक्ष्मी योजनाः- महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपए, महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा।
2) समानता लाएंगे :- जातिगत जनगणना होगी, 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा हटाएंगे
3) पारिवारिक सुरक्षा :- 25 लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा, मुफ्त दवा।
4) समृद्ध कृषि :- किसानों का 3 लाख रुपए तक का कर्ज माफ होगा, नियमित ऋण भुगतान के लिए 50,000 रुपए का प्रोत्साहन
5) युवकों से वादा :- बेरोजगारों को हर महीने 4,000 रुपए तक की मदद।



# कुलबीर ने मेडिकल कालेज अस्पताल की दुर्दशा के लिये डॉ. रमन को घेरा



छाबड़ा ने पत्रकारवार्ता में कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था में विधायक लापरवाही कर रहे

राजनांदगांव (दावा)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा की गुटबाजी को उजागर करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि भाजपा की गुटबाजी किसी से छिपी नहीं है। श्री छाबड़ा है यह भी कहा कि राजनांदगांव में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टरों की कमी होना उस पर भी रहे डॉक्टरों द्वारा इस्तीफा दिया जाना यह साबित करता है कि डॉक्टर साहब अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति कितने लापरवाह है।

श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के 20 डॉक्टरों के सामूहिक इस्तीफा दिया गया है। जो कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह की लापरवाही है। जब कई माह से डॉक्टरों की मांग चले आ रही है जिसको भाजपा सरकार के संज्ञान में न लेना तथा डॉ. रमन सिंह खुद डॉक्टर होकर अपने क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज में होने वाले घटनाक्रम में लापरवाही दिखाना इस बात का प्रमाण है कि जो डॉक्टरों के सामूहिक इस्तीफे हुए हैं। इसके पूर्व भी राजनांदगांव में तथा अन्य मेडिकल कॉलेज में भी डॉक्टर इस्तीफे दे चुके है। राजनांदगांव मेडिकल में रेडियोलॉजिस्ट में वर्तमान में एक ही डॉक्टर है। जबकि 7-8 डॉक्टर होने चाहिए, सर्जरी में 02 डॉक्टर है जबकि 08-09 डॉक्टर होने चाहिए। हड्डी विभाग में 02-03 डॉक्टर है। जिसमें 07-08 डॉक्टर होने चाहिए। गाइनिक में 03 डॉक्टर है जिसमें एक एचओडी है। जबकि 07 से 08 डॉक्टर होनी चाहिए। मेडिसीन में 05 डॉक्टर है जबकि 10. डॉक्टर होने चाहिए। पैथोलॉजी में 03 डॉक्टर है जबकि 07 से 08 डॉक्टर होना चाहिए। टीबी विभाग में 01 डॉक्टर है जबकि 03 डॉक्टर होने चाहिए। मनोरोग विभाग में 01 डॉक्टर है जबकि 03 होने चाहिए। न्यूरोलॉजिस्ट, किडनी का डॉक्टर, हार्ट का डॉक्टर नहीं है वह भी नियुक्ति होनी चाहिए। इसी तरह अन्य विभाग में भी डॉक्टरों की बहुत कमी है। मेडिकल कॉलेज का आनन-फानन में तत्काल चुनावी लाभ लेने के लिए बिना सुविधा दिए डॉ. रमन ने मेडिकल कॉलेज शुरू कर दिया जबकि बुनियादी ढांचा एवं मरीजों की सुविधा के संबंध में किसी भी प्रकार का काम पूर्ण नहीं हुआ हुआ था। सिटी स्कैन मशीन की राशि कांग्रेस सरकार आने पर दी गई किन्तु विलंबता के कारण मशीनों की मूल्य में वृद्धि हो जाने से आज तक मशीन खरीदी नहीं गई। जिस कारण मरीज सरकारी सुविधाओं से वंचित है तथा प्राइवेट जाकर सिटी स्कैन कराने से मरीजों को जेब से पैसा लगता है और यह प्राइवेट सिटी स्कैन वालों के साथ भाजपा के लोग व्यापार कर रहे हैं। इसी तरह एमआरआई मशीन तथा एक्सरे मशीन भी मेडिकल कॉलेज में नहीं है।

हमारा यह आरोप है कि डा.रमन सिंह अपने निवास क्षेत्र कवर्धा में राजनांदगांव के मेडिकल कॉलेज को कवर्धा ले जाने के लिए जानबूझकर राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज को कोई सुविधा नहीं दिला रहे हैं ताकि राजनांदगांव का मेडिकल कॉलेज समस्याओं के कारण बंद हो और इस कॉलेज को कवर्धा स्थानांतरित कर दिया जाए।

कुलबीर का आरोप है कि भाजपा की आपसी गुट राजनीति और लड़ाई-झगड़े के कारण छत्तीसगढ़ की जनता को हर विषय पर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। 500 करोड़ से बने मेडिकल हॉस्पिटल की सुविधाएं 2014 में पूर्ण हो जानी थी जो कि नहीं हुई जिसके जिम्मेदार उस समय के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह है। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में लगभग 30 प्रतिशत के आसपास ही डॉक्टर है। अब इस्तीफा देने के बाद में वह भी स्थिति नहीं है कि मेडिकल कॉलेज का संचालन हो। राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज की मान्यता भी खतरे में है। वर्तमान में डा.रमन सिंह को आपातकाल अपने निर्वाचन क्षेत्र में बैठकर कर मरीजों की जान बचाने व इलाज कराने की चिंता कराने की चिंता करनी चाहिए। अपने मीडिया व्यक्तव में डॉक्टरों की मांगों को छोटा-मोटा प्राब्लम है बताया है। जब छोटे-मोटे प्राब्लम सालों से हल नहीं कर सकते तो अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को हल नहीं कर सकते। जबकि अपने क्षेत्र में किस स्थिति में उसी पल बैठकर डॉक्टरों के साथ उनके द्वारा की जा रही मांगों को आपस में समन्वय बनाकर निदान करना चाहिए तथा मेडिकल कालेज में जो सुविधाएं नही है उसे पूर्ण करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के लिए शहर कांग्रेस जनहित आंदोलन चलाएंगी 48 घंटे के भीतर यहां पर डॉक्टरों के साथ सामंजस्य स्थापित कर होकर मरीजों को सुविधा नहीं मिलती उस स्थिति में राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह को जगाने के लिए इनके पुतले हर दो से तीन दिन में हर वार्ड में जलाएं जाएंगे। सिटी स्कैन मशीन के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा दी गई राशि के अतिरिक्त होने वाले अतिरिक्त राशि की व्यवस्था डॉ. रमन सिंह अपने स्वेच्छानुदान राशि अथवा सरकार से करवा सकते है। ऐसा नहीं करने पर सिटी स्कैन मशीन की अतिरिक्त राशि के लिए राजनांदगांव में शहर कांग्रेस आम जनता एवं सामाजिक संस्थाओं से निवेदन कर सहायता राशि एकत्र करेगी और प्रशासन के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार को भेंट करेगी ताकि सिटी स्कैन का लाभ मेडिकल कॉलेज के मरीजों को मिल सकेगी। प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, महामंत्री अमित चंद्रवंशी, ब्लॉक अध्यक्षद्वय सूर्यकांत जैन, आसिफ अली, पार्षद मनीष साहू आदि उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### झारखंड एवं महाराष्ट्र में मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश घोषित

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत झारखंड राज्य में 13 नवम्बर 2024 एवं 21 नवम्बर 2024 तथा महाराष्ट्र राज्य में 20 नवम्बर 2024 को मतदान किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 तथा छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के तहत आने वाले कारखानों व कारोबार व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापना में संबंधित राज्य के नियोजित प्रत्येक व्यक्ति या कार्यरत श्रमिक को मतदान के दिन संवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र एवं झारखंड के मतदाता जो छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार व व्यवसाय में नियोजित या कार्यरत है, उन्हें अपने गृह राज्य में मतदान दिवस के दिन संवैतनिक अवकाश प्रदान करने निर्देशित किया गया है। ऐसे कारखाने जो सप्ताह के सात दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते है, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने कहा गया है।

### आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला 11 को

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार की शिक्षुता प्रशिक्षण अधिनियम 1961 के तहत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 11 नवम्बर 2024 को सुबह 9 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता मेला का आयोजन किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप मेला में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट हेतु आमंत्रित किया गया है। शासकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ अप्रेंटिसशिप मेला में सम्मिलित हो सकते हैं।

### महापौर ने दी छठ पर्व की बधाई

राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नागरिकों को छठ पर्व की बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में उन्होंनें कहा कि सूर्य उपासना का यह पर्व कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाया जाता है। छठ पर्व नहाय खाये के साथ प्रारंभ होता है और इस पर्व में उगते और डुबते सूर्य की आराधना की जाती है। छठ पर्व पर षष्ठी के दिन शाम को सूर्यास्त से पहले नदी के घाट जाकर पूजा करते है और फिर दूसरे दिन सूर्योदय के समय षष्ठी माता और सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर पूजा का समापन करते है तथा प्रसाद ग्रहण कर व्रत तोडते है। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने कहा कि कार्तिक मास के चैथ के दिन नहाय खाय के साथ प्रारंभ होकर सप्तमी के दिन उगते सूरज की पूजा कर निर्जला रहकर व्रत पूरा करते है। उन्होंने नागरिको से छठ पर्व को उमंग व उल्लास के साथ मनाने की अपील की है, ताकि परिवार सहित नगर में खुशहाली कायम रह सके।

### दीपावली मिलन समारोह 10 को

राजनांदगांव (दावा)। नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव द्वारा दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 10 नवंबर 2024 दिन रविवार को भरकापारा स्थित सामुदायिक भवन में किया जा रहा है। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि इस आयोजन का शुभारंभ ईष्टदेव भगवान श्री कृष्ण जी की पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के सफल आयोजन एवं आने वाले सामाजिक कार्यक्रम पर चर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पदाधिकारीगण, वरिष्ठगण, संरक्षकगण, गौटियागण, महिला मंडल, युवा मंडल, वार्ड अध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### अमृता इंदुरकर का निधन



डोंगरगढ़(दावा)। कालका पारा स्थित वार्ड न. 09 की निवासी अमृता इंदुरकर का निधन 05 नवंबर को 06 बजे हो गया। 06 नवंबर को दोपहर में अंतिम यात्रा निकाली गई। स्वर्गीय अमृता इंदुरकर जयंत इंदुरकर की माताजी थी।

### दुधकुंवर साहू का निधन



डोंगरगाँव (दावा)। ग्राम अर्जुनी निवासी श्रीमती दुधकुंवर साहू का आस्मिक निधन 3 नवम्बर रविवार को हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई. वे पूर्णकिशोर साहू, निर्मलदास, बालकृष्ण दास, जसवंत दास की माताजी हैं।







## भाजपा नैतिकता और सिद्धांत की राजनीति करती है, कांग्रेस जैसी ओछी मानसिकता हमारी नहीं - रमेश पटेल



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल ने कांग्रेस के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा के डॉ. रमन सिंह पर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस और भाजपा की राजनीति में जमीन आसमान का अंतर है, ये बात यहां की जनता भलीभांति जानती है।

पटेल ने कहा कि विगत 5 वर्षों तक मेडिकल कॉलेज में स्वशासी समिति जो कि मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए बनाई गई थी, उसमें शारदा तिवारी, आसिफ अली एवं कुलबीर छाबड़ा तथा अशोक फडनवीस जैसे नेता काबिज थे और 22 नवंबर 2022 को तत्कालिक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सिटीस्केन और एम आर आई मशीन की घोषणा की थी, परंतु सरकार रहते तक फिर कभी भी बघेल ने पलट कर अस्पताल की सुध नहीं ली, और उस समय संचालक मंडल में रहने वाले वही कांग्रेसी नेता आज उल्टे डॉ. रमन सिंह पर आरोप लगा रहे है,जबकि वस्तुस्थिति यह है कि अपने कार्यकाल में इन नेताओं ने कभी जनता के हितों की सुध नहीं ली, ये नेता बताए कि उनके 5 वर्षों के कार्यकाल में इन नेताओं ने जनता के हित में क्या कार्य किया और उनकी कितनी बार बैठक हुई, रमेश पटेल ने कहा कि कांग्रेस ने तो राजनांदगांव के कई कार्यालयों को दुर्ग ले जाकर राजनांदगांव के विकास को समाप्त करने का प्रयास किया था।

रमेश पटेल ने अपने वक्तत्व में कहा कि डॉ रमन सिंह को मुख्यमंत्री यहां की जनता ने बनाया और जनता के स्नेह के कारण वे आज विधानसभा के अध्यक्ष पद पर हैं, ऐसे कर्मठ व्यक्ति जिन्होंने राजनांदगांव को विकास की ऊंचाइयों तक पहुंचाया, उनके बारे में कुलबीर छाबड़ा की स्तरहीन बातों से कांग्रेस की नीति स्पष्ट झलकती है, न कांग्रेस के नेताओं में कोई मर्यादा है और न राजनीतिक समझ, इसलिए बेतुके आरोप लगाकर कांग्रेसी नेता जनता द्वारा लगातार तीन बार चुने गए और प्रदेश में तीन बार मुख्यमंत्री पद पर बैठे डॉ रमन सिंह के खिलाफ अनर्गल बाते बोलकर यहां की जनता का मजाक उड़ाया जा रहा है, क्योंकि डॉ. रमन सिंह राजनांदगांव के गौरव के लिए लगातार प्रयासरत थे, है और सदैव राजनांदगांव की जनता के सुख दुख में साथ खड़े रहेंगे।

## आज शाम चिखली स्टेशनपारा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा गौरी नगर रेल्वे अण्डर ब्रिज के पास मेन पाईप लाईन शिफ्टिंग कार्य आज कराया जाना है जिसके कारण आज दिनांक 7 नवम्बर गुरूवार को शाम के समय पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। इस संबंध में निगम आयुक्त अतूल विश्वकर्मा ने बताया कि पाईप लाईन शिफ्टिंग के कारण वार्ड नं. 5 चिखली, वार्ड नं. 11 स्टेशन पारा, वार्ड नं. 12 स्टेशन पारा शिक्षक नगर, सोलह खोली एवं वार्ड नं. 13 गौरी नगर, महादेव नगर, अचानक नगर में कल गुरूवार शाम के समय पेयजल आपूर्ति नहीं हो पायेगी, 8 नवम्बर 2024 से पेयजल सप्लाई यथावत रहेगी। उन्होंने नागरिकों से असुविधा के लिये खेद व्यक्त करते हुये सहयोग करने की अपील की है।

## भाजपा के आंदोलन को खदेड़ा गया -तरुण लहरवानी



राजनांदगांव (दावा)। मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी ने कहा कि कांग्रेस सरकार में मेडिकल कॉलेज को नजरअंदाज करते हुए मरणासन्न अवस्था में छोड़ दिया गया था, तब मूलभूत सुविधाओं के लिए भाजपा मंडल ने मेडिकल कॉलेज में शिविर लगाकर जनता से संवाद कर प्रमुख मांगों को शालीनता से रखा था, तब कांग्रेस सरकार ने भाजपा द्वारा लगाए गए पंडाल को उखाड़ फेंका था, ऐसे असंवेदनशील भूपेश और उसके कांग्रेसी नेता आज उस डॉ. रमन सिंह पर उंगली उठा रहे है, जिन्होंने अब तक राजनांदगांव के समुचित विकास की चिंता की और अभी भी वे बेहतर से बेहतर व्यवस्था बनाने में लगातार सतत प्रयास में लगे रहते है। उन्होंने सरकार में आते ही 14 डॉक्टरों की नियुक्ति के साथ साथ करोड़ों रुपए की घोषणा भी की थी।

तरुण लहरवानी ने कुलबीर छाबड़ा एवं कांग्रेस की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि इन्हें छपास रोग लग चुका है, नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के इस तरह के बेबुनियाद आरोपों का जनता जरूर जवाब देगी।

लहरवानी ने कहा कि भाजपा जनता की भलाई के लिए ही कठोर कानून बना कर डॉक्टरों को ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज में सेवाएं देने हेतु प्रयासरत हैं, और भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है,जो देश हित में ठोस निर्णय लेकर योजनाओं का क्रियान्वयन करती है, अगर कांग्रेस और लंबे समय तक रहती तो कभी मेडिकल कॉलेज ही नहीं बन पाता।

## सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 2 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (देवांगन पारा) के लिए 2 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।

## कोसरिया यादव समाज का रविवार को दीपावली मिलन समारोह

राजनांदगांव (दावा)। कोसरिया यादव समाज डिलापाहरी सर्किल का रविवार 10 नवंबर को नया ढाबा वार्ड में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। समाज के अध्यक्ष ललित यादव व सचिव अनिल यादव ने बताया कि रविवार को नया ढाबा वार्ड में सुबह 10 बजे से आयोजित समाज के दीपावली मिलन कार्यक्रम में यादव समाज के यादव बंधुओं को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## रबी फसल के लिए किसान पशोपेश में- श्रीवास



राजनांदगांव (दावा)। किसान नेता निर्भयराम श्रीवास ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि खरीफ सीजन में बोए गये सोयाबीन की कटाई पुरी होकर हरूना धान की कटाई जोरो पर है और सोसायटी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल में है जबकि किसान प्रशासन के आदेशानुसार रबी फसल में धान नहीं बोये जाने के आदेश से पशोपेश में है जबकि रबी सीजन के लिये किसानों के पास मुट्ठी भर भी खाद-बीज नहीं है। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री श्री श्रीवास ने आगे कहा कि शासन प्रशासन ने घटते भू-जल स्तर को देखते हुए फसल चक्र अपनाने पर जोर दे रही है जो कि उचित प्रतीत होता है किंतु अधिकारियों के निष्क्रियता के चलते अगर समय पर किसानों को खाद-बीज उपलब्ध नहीं होगा तो फसल चक्र अपनाने की मंशा मात्र कागजों तक ही सिमट जायेगी जबकि कृषि कार्य में नित नये प्रयोग करते हुयें पर्यावरण को संतुलित रखते हुये किसानों की लागत कम मुनाफा ज्यादा की मंशा लेकर मोदी जी और सायजी की सरकारें आगें बढ़ रहीं है।

श्री श्रीवास ने आगे कहा कि सोसायटी कर्मचारियों के जायज मांगों पर शासन-प्रशासन को आवश्यक रूप से ध्यान देना चाहिए जिसमें कि उन लोगों के द्वारा सुखत की मांग के साथ वे अनिश्चितकालीन हड़ताल में है वो वास्तव में जायज प्रतीत होता है क्योंकि मैं लगातार 25-30 वर्षों से कृषकों के बीच से प्रतिनिधित्व करते आ रहा हूँ जिसके आधार पर कह सकता हूँ कि सोसायटी कर्मचारियों के द्वारा सुखत कि जो मांग है वह जायज है, और आज किसानों को रबी सीजन के लिए जो भटकना पढ़ रहा है उसका एक कारण यह भी है कि सोसायटी में तालाबंदी है। श्री श्रीवास ने आगे सुझाव दिया कि धान खरीदी केंद्रों के आसपास जितने भी राइस मिलें है वहां पर डायरेक्ट किसानों से उनके रकबा अनुसार टोकन जारी करवाकर खरीदी किया जा सकता है, उनके बफर लिमिट के बाद के धान को संग्रहण केंदों में निर्धारित समय में पहुंचाये जाने से सुरक्षा व्यय ट्रांसपोर्टिंग व्यय एवं सुखत सड़न से भी बचाया जा सकता है।

## पीडब्ल्यूडी आफिस में आया अटैक और बैठे-बैठे छोड़ दी दुनिया

राजनांदगांव (दावा)। लोक निर्माण विभाग में कार्यरत ईश्वर प्रसाद तिवारी का आज कार्यालयीन समय में कार्यालय के अंदर ही बैठे-बैठे हार्ट अटैक के बाद हार्ट फेल होने से निधन हो गया। दस 10 मिनट में ऐसा सब कुछ हो गया कि देखते ही देखते किसी को कुछ समझ में नहीं आया।

आज दोपहर लगभग 2:30 बजे श्री तिवारी ने एसडीओ कार्यालय में अपने कार्यालय में स्टाफ के पास बैठकर कुछ असहज महसूस करने की बात कही थी और जब उन्हें ठीक लगा तो वे एसडीओ कार्यालय के बाहर अपनी टेबल वाली कुर्सी में बैठ गए। थोड़ी देर में ऐसा कुछ हुआ कि वे बैठे-बैठे उसी में सो गए। स्टाफ वालों को लगा कि कुछ तो गडबड है और उनकी पत्नी को फोन लगाकर इसकी सूचना दी कि इन्हे तुरंत अस्पताल ले जाना जरुरी है।

फिर स्टाफ वालों ने उन्हे उठाने का प्रयास किया, उन्हे पानी पिलाने का प्रयास किया, उन पर पानी छिडका गया लेकिन उन्होने इस पर कोई हरकत नहीं की। इसी बीच उनकी धर्मपत्नी जिन्हें उनकी बेहोशी का समाचार फोन पर दिया गया था वह ई रिक्शा लेकर लोक निर्माण विभाग कार्यालय पहुंची और पीछे-पीछे उनका बेटा भी पहुंचा। वहां स्टाफ एवं इस प्रतिनिधि की मदद से उन्हे ई रिक्शा में बिठाकर समीपस्थ शहर का सबसे पुराना निजि चिकित्सालय युनाईटेड हास्पिटल लाया गया। यहां डाक्टर आर एस अग्रवाल को देखते ही शंका हो गई थी कि मामला पहुंच के बाहर है और उन्होने जांच करके जवाब दे दिया कि अब ईश्वर तिवारी जी इस दुनिया मेँ नहीं रहे।

मौके पर उनकी पत्नी ने डाक्टर को बताया कि उनके पति को बीपी के साथ ह्रदयरोग था और कल रात्रि ही सामान्य शिकायत के बाद वे चिखली में स्थित हार्ट केयर हास्पिटल संजीवनी में जांच करवाकर आए थे और आज ड्यूटी में भी स्वस्थ गए थे। बाद में डॉ. अग्रवाल ने मृतक को अपने युनाईटेड हास्पिटल की एम्बुलेंस से उनके घर के लिए रवाना किया।

उल्लेखनीय है कि 59 वर्षीय ईश्वर प्रसाद तिवारी यूं तो विभाग में चौकीदार के रुप में पदस्थ थे लेकिन बहुत लंबे समय से पीडब्ल्यूडी में कार्य करते हुए उनके ज्ञान और अनुभव और कार्य कुशलता तथा लगन को देखते हुए उच्च अधिकारियों ने उन्हें अनेक बार जिम्मेदारी वाले काम भी सौपे जिसका उन्होने सफल क्रियान्वयन किया।

इस समय एसडीओ पी के सिंघानियां शासकीय कार्य गिदावरी में बाहर थे। उन्होने मोबाईल फोन पर उनके स्टाफ पर्सन इश्वरी तिवारी के आकस्मिक निधन पर कहा कि श्री तिवारी बहुत ही सीधे व सरल व्यक्तित्व के धनी थे और कार्यालयीन कार्य में भी पारंगत् थे। उनके निधन से पूरा स्टाफ स्तब्ध है।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-5-7
369-8 136-0
राजधानी
4-8-0
560-1 245-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### कार्यालय कलेक्टर, कबीरधाम (आदिम जाति तथा अनु. जाति विकास विभाग)

ई-मेल-actd.kabeerdham@nic.in

क्रमांक/2707/EMRS/आजाक/2024-25 कबीरधाम, दिनांक 04/11/2024

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना//**

कार्यालयीन ज्ञापन कमांक/1331/EMRS/आजाक/2024-25 कबीरधाम दिनांक 02.08.2024 के द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तरेगांव जंगल वि.खं. बोड़ला जिला कबीरधाम के संचालन हेतु सत्र 2024-25 हेतु पंजीकृत फर्मो/आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य सामग्री, सब्जी, फल मांसाहारी सामग्री, दैनिक उपयोग सामग्री, हेयर कटिंग, प्रदाय करने हेतु मुहर बंद निविदाएं दिनांक 23.08.2024 दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की गयी थी।

अतएव उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

जी - 242503603/2

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास कबीरधाम

### कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

क्रमांक/स्टोर/2024/3790 कबीरधाम दिनांक 05/11/24

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय कबीरधाम का पत्र क/निविदा/स्टोर/2024/3384 कबीरधाम दिनांक 04.10.2024 के अनुसार पौष्टिक भोजन व्यवस्था हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्थानीय स्तर पर केवल कबीरधाम जिलां में पंजीकृत कर्म/संस्था/समुह से सील बंद निशियायें पंजीकृत डॉक के माध्यम से रेट कांट्रेक्ट के आधार पर निशिया आमंत्रित की गई थी। उक्त निशिया को अपरिहार्य कारणो से निरस्त किया जाता है।

जी- 242503645/1

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

### आम सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार एवं उसकी भाभी श्रीमती कुमारी बाई व उसके पुत्रों के नाम एवं स्वामित्व में ग्राम-चिखली, प.ह.नं. 39, रा.नि.मं. राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव में भूमि खसरा नंबर-367/1 रकबा 0.1290 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर-367/3 का रकबा 0.1340 हेक्टेयर है। उक्त भूमि एक-दूसरे से लगी हुई है, केवल दोनों का आना-जाना धरसा की ओर से ही होता है। उभय पक्षों के मध्य लगभग 24 वर्ष पूर्व बँटवारा हुआ है, बँटवारे के अनुसार खाता अलग-अलग हो गया है किंतु आपस में बँटवारे के समय यह तय किया गया है कि, मेरे पक्षकार को धरसा की ओर आने-जाने के लिये पूर्व दिशा में बने हुये मेड से लगकर लगभग 12 फीट चौडा रास्ता धरसा की सीमा तक आवागमन के लिये दिया जावेगा, जिसके अनुसार ही मेरे पक्षकार बँटवारे के समय से ही पूर्व दिशा में छोड़ी गयी रास्ते की ओर से आना-जाना कर खेती कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती कुमारीबाई व उसके पुत्रों के द्वारा अपने नाम की भूमि खसरा नंबर-367/1 का रकबा 0.1290 हेक्टेयर को अन्यत्र विक्रय करने हेतु प्रयास कर रहे है, जिसके लिये वे दलालों से सम्पर्क कर रहे है। इस कारण प्रत्येक हर उस व्यक्ति को जो कुमारीबाई वगैरह के नाम पर धारित भूमि को क्रय करना चाहते है, उन्हे इत्तला दिया जाता है कि, कुमारीबाई के नाम की भूमि पर पूर्व दिशा की ओर 12 फीट चौडा रास्ता जो आगे धरसा की सीमा तक जाता है, उसे छोडकर ही क्रय करेंगे। यदि कोई व्यक्ति छोड़ी गयी रास्ते की भूमि को क्रय करता है तो मेरा पक्षकार संबंधित क्रेता एवं विक्रेतागणों के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करेगा, जिस पर होने वाले समस्त हर्जे खर्चे व परिणामों की जवाबदेही उस पर होगी।

राजनांदगांव
दिनांक 28/10/2024

भवदीय
(दीपक साहू, अधिवक्ता)
चिखली वार्ड नं.-05, शीतला मंदिर रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)

# छठ पूजन के लिए बाजार में पूजा सामग्रियों की बढी मांग



० आज नदी- सरोवरों के कमर भर जल में उतर कर डूबते सूर्य को दिया जाएगा अर्ध्य
० मोती तालाब में मेले जैसा रहेगा माहौल

राजनांदगांव (दावा)। भगवान भूवन भास्कर सूर्य व छठी मईया की आराधना का महापर्व छठ का आगाज नहाय-खाय के साथ हो चुका है। आज गुरूवार को छठी मईया की उपासना करने वाले व्रती जन जिसमें विशेष कर महिलाएं होती हैं, उनके द्वारा नदी-सरोवरों के कमर भर पानी में उतर कर डूबते हुए सूर्य देवता को अर्ध्य दिया जाएगा। बता दें कि शहर में बड़ी संख्या में निवास करने वाले उत्तर भारतीयों व झारखंड वासियों में छठ पर्व को लेकर खासा उल्लास बना हुआ है। इसके लिए भव्य तैयारियां भी की गई है। शहर के मोती तालाब चिखली तालाब व अन्य तालाबों में में नगर निगम द्वारा विशेष इंतेजामात किए गए हैं। वहीं छठ पूजा समिति वालों द्वारा मोती तालाब को विद्युत झालरों से जगमग सजाया गया है,जहां आज बड़ी संख्या में उत्तर भारतीय नर-नारी व अबाल वृद्ध उपस्थित होकर सूर्योपासना के इस महापर्व की साक्षी बनेंगे और छठ के दिन डूबते सूर्य का दर्शन कर धन्य महसूस करेंगे।

### गूंजेंगे छठी मईया के गीत

इस दौरान मोती तालाब में मेले जैसा माहौल बना रहेगा। इस अवसर पर महिलाओं के मुख से निवृत होंने वाले छठी मईया के गीत वातावरण को भक्तिमय बनाए रखेगा। बता दें कि मोती तालाब घाट में छठी मईया के व्रतियों को छठ पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देने शहर गणमान्य नागरिको व जन प्रतिनिधियों की भी उपस्थिति बनी रहती है। इस वर्ष भी छठ पूजन के समय इन लोगों की गरिमा मय उपस्थिति से मोतीलाल तालाब का माहौल गुलजार बना रहेगा।

भगवान सूर्य देव को अर्ध्य प्रदान करने समय दीपावली की तरह दनादन फटाके फूट पड़ेगे और आसमान आतिशबाजी की रंग बिरंगी रौशनियो से जगमगा उठेगा। बता दें कि छठ व्रती महिलाओं द्वारा सूर्य देव के पूजन के समय इनके घर परिवार वालों की उपस्थिति बनी रहती है। व्रती महिलाओं के पति स्वयं सिर में पूजन सामग्री की टोकरी लेकर तालाब तक पहुंचते हैं। और तालाब में ईख (गन्ना) को गाड़ा जाता है। और सूप में पूजन सामग्री को सजा कर व्रती महिलाओं को भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के लिए दिया जाता है। इस दौरान उनका सहयोग अपनी व्रती पत्नियो के प्रति एक विशेष भाव को प्रकट करता है।

### पूजन सामग्रियों का सजा बाजार

बता दें कि छठी मईया के पूजन के लिए खासकर बांस से बनी टोकरी, सूप, मौसमी फल फूल, श्रृंगार की वस्तुएं नये वस्त्र परिधानों की विशेष मांग बनी रहती है। शहर के जयस्तंभ चौक स्थित बाजार से लेकर अंदर के मुख्य मार्केट गोलबाजार आदि जगहों में सूपा-टूकना सहित मौसमी फल फूल व अन्य पूजन सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। जयस्तंभ चौक में पूजा सामग्री बेचने वाली महिला ने बताया कि छठी मईया के पूजन के लिए कच्चा अदरक व कच्ची हल्दी की भी आवश्यकता पड़ती है। वहीं मौसमी फलों में आंवला, अमरुद सीताफल, गन्ना आदि की जमकर खरीदारी हो रही है। कुछ व्यवसायियों ने तो मिट्टी के दुल्हे भी बिकने के लिए रखे थे। वहीं पूजन सामग्रियों में चूड़ी चूनरी फूंदरी सहित व्रती महिलाओं के माथे पर लगाने के लिए लाली, सिंदूर चंदन- बंदन की भी मांग रही। आज छठ व्रती महिलाएं छत्तीस घंटे का कठिन निर्जला उपवास के पश्चात अपनी संतानों की लंबी आयु व घर- परिवार की सुख-समृद्धि के लिए डूबते हुए सूर्य को अर्ध्य देकर छठी मईया की पूजन करेगी। इस दौरान छठी मईया के भक्ति गीतों से माहौल सराबोर रहेगा। कल शुक्रवार को ब्रहम मुहूर्त में एक बार फिर मोती तालाब, चिखली तालाब का माहौल पूजा भक्ति से सराबोर हो उठेगा। छठ व्रतियों द्वारा सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य प्रदान कर सबकी मंगल कामना करते हुए व्रत का समापन किया जाएगा। इस दौरान तालाब घाट में जगमग दीयों की रौशनाई व फटाकों की धमाके से छठ व्रतियों का उल्लास देखते ही बनेगा।

# सोसाइटियों में धान खरीदी शुरू होने से पहले ही भ्रष्टाचार - भागवत साहू



समितियां में विभिन्न सामानों की खरीदी में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच करने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने जारी बयान में कहा है। कि जिले के सहकारी समितियों में भुसा, ताल पत्री सूतली सहित अन्य सामग्रियों की खरीदी में भ्रष्टाचार हो रहा है। श्री साहू ने इसकी जांच करने के लिए कलेक्टर को मांग पत्र सौपा है।

श्री साहू ने बताया कि जिला अंतर्गत आने वाली सह समितियों में धान खरीदी की तैयारी के नाम पर जो सहकारी समितियों में भूसा, ताल पत्री, सुतली, रंग तथा अन्य सामानों की खरीदी में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उपरोक्त खरीदी को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगाँव अधिकारियों के माध्यम से सहकारी समिति के प्रबन्धकों के ऊपर दबाव डाल कर करवाया जा रहा है जिसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगाँव के अधिकारियों की भूमिका पूरी तरह से संदिग्ध है तथा बैंक अधिकारी समिति पदाधिकारियों के ऊपर दबाव डाल कर यह कृत्य करवा रहे हैं, इसकी जांच निम्नांकित बिंदुओं के आधार पर किया जाए - क्या सोसाइटी में उपरोक्त ताल पत्री भूसा ख़रीदी के पूर्व कोई टेंडर जारी किया गया। सहकारी समिति में जो खरीदी किया जा रहा है वह बिल्कुल भी पारदर्शी नहीं है। उपरोक्त खरीदी में किसी भी सोसाइटी के द्वारा क्रय भंडार नियम का पालन नहीं किया गया। पूर्व का स्टॉक होने के बावजूद पुराने ही सामानो को नया बताकर उसे पुनः भुगतान किया जा रहा है। यह तथ्य भौतिक सत्यापन से स्पष्ट हो जायेगा। सोसाइटी में अनेक स्थानों पर कर्मचारियों का कई महीनों से वेतन नहीं दिया गया है इसके विपरीत कमीशन खोरी के चक्कर में जिला सहकारी बैंक के पदाधिकारीगणों के द्वारा समिति में दबाव डाल कर वहां भूसा ताल पत्री सुतली सहित अनेक समानों को गलत रूप से खरीदी कराई जा रही है। जानकारी के अनुसार जो समान सोसायटियों में अवैध तरीके से सप्लाई करवाया जा रहा है वह निहायत ही घटिया तथा गुणवत्ताहीन है। सोसायटियों में जो सामान भूसा तालपत्री सप्लाई कराया जा रहा है उसका बाज़ार मूल्य एवं उसकी सप्लाई के मूल्य में जमीन आसमान का अंतर है। उपरोक्त कार्य में जिला सहकारी बैंक के पदाधिकारियों के द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इस अवसर पर भागवत साहू के साथ राजेश चंपू गुप्ता, रमेश खंडेलवाल, पंकज बांधव, तुलदास साहू, पिंकू साहू आदि उपस्थित थे।

# विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राज्योत्सव में बिहान के स्टॉल का किया गया अवलोकन



० महिला स्वसहायता समूह द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी की
० महिला स्वसहायता समूह द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की सामग्री का किया गया प्रदर्शन एवं विक्रय
० गढ़ कलेवा में रात तक होती रही छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की मांग

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में आयोजित राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने महिला स्वसहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी की। राज्योत्सव में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत महिला स्वसहायता समूहों द्वारा उत्पादित एवं निर्माण किए जा रहे सामग्री की प्रदर्शन एवं विक्रय किया गया। स्टॉल में स्वर धारा मसाले-हल्दी, धनिया व मिर्च, मिठाईयां, नमकीन, जूट व कपड़े के बैग, टॉयलेट प्रोडक्ट, अगरबत्ती, आचार, पापड़ बड़ी, बिजौड़ी, करी लड्डू, देसी घी, रेडीमेड साड़ी, श्रृंगार सामग्री सहित अन्य सामग्री का प्रदर्शन एव विक्रय किया गया। राज्योत्सव में पहुंचे आम नागरिकों द्वारा समूह द्वारा निर्मित सामग्री एवं उत्पाद का प्रशंसा की गई। साथ ही महिला स्वसहायता समूहों द्वारा गढ़ कलेवा का स्टॉल भी लगाया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ी व्यजनों की मांग दोपहर से रात तक आमजनों द्वारा होती रही। कार्यक्रम में जिले की लखपति दीदी पहल अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का भी प्रदर्शन किया गया। जिसमें जिले के लगभग 28 हजार 110 लखपति दीदी में से 16 हजार लखपति दीदी पूर्ण रूप से लखपति के दायरे में आने और लखपति दीदीयों ने अपने लखपति बनने की जानकारी दी। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए।

# छत्तीसगढ़ राज्योत्सव अवसर पर ऑडिटोरियम में पुलिस द्वारा लगाया गया जागरूकता स्टॉल/प्रदर्शनी




० सायबर सेल पुलिस द्वारा पोस्टर/होडिंग लगाकर, 2000 से अधिक पाम्पलेट वितरण कर लोंगो को किया गया जागरूक
० सेल्फीजोन, सायबर लेन, सायबर रथ एवं लाउडस्पीकर के माध्यम सें सायबर अपराध व उससे बचने के तरीके के बारे में बताकर लोगों को जागरूक किया गया।

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ी राज्य उत्सव की छटा संस्कारधानी नगरी में भी छाई रही। शहर के गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में पुलिस विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें यातायात पुलिस द्वारा परिवहन विभाग के साथ संयुक्त रूप से लर्निंग लाईसेन्स बनाने की प्रक्रिया की गई वहीं फायर ब्रीगेड/होमगार्ड द्वारा आग लगने पर उस पर काबू पाने का डेमो भी दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में जिला पुलिस बल द्वारा नवाबिहान के तहत् सायबर सेल, यातायात शाखा, फायरब्रीगेड/होमगार्ड एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें सायबर सेल द्वारा स्कूली बच्चों एवं नागरिकों को पोस्टर/होडिंग लगाकर, 2000 से अधिक पाम्पलेट वितरण कर, सायबर जागरूकता रथ के माध्यम से, सेल्फीजोन, सायबर लेन एवं लाउडस्पीकर में सायबर अपराध की जानकारी एवं इससे बचने के तरीके व सायबर अपराध घटित होने पर 1930 हेल्पलाईन पर डायल कर फ्रोड की शिकायत दर्ज करवाने के संबंध में बच्चों एवं लोगों को जागरूक किया गया। यातायात शाखा द्वारा यातायात व्यवस्था में लगने वाले आधुनिक उपकरणों के संबंध में इन्सटूमेंट को दिखा कर डेमो दिया गया साथ ही यातायात नियमों के बारे में बता कर एवं ब्राउजर वितरण कर बच्चों एवं लोगों को जागरूक किया गया, साथ ही परिवहन विभाग के साथ संयुक्त रूप से लर्निंग लाईसेन्स बनाने की प्रक्रिया की गई, इसके अलावा फायर ब्रीगेड/होमगार्ड द्वारा आग लगने पर उस पर काबू पाने का डेमो दिया गया जिसमें दो प्रकार के अग्निसमन उपकरण (डी.सी.पी.) ड्राई केमीकल पाउडर जो सामान्य जगहों में आग बुझाने के लिए इस्तेमाल करने और (सी.ओ.2) कार्बन डाई ऑक्साइड विद्युत लाईन में लगे आग को बुझाने के समय उपयोग करने का प्रदर्शन कर वहां उपस्थित लोगों एवं बच्चों को जागरूक किया गया। छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2024 में सभी शासकीय विभाग द्वारा अपना-अपना स्टॉल लगाया गया था जिसमें पुलिस द्वारा लगाये गये स्टॉल मुख्य आकर्षण का केन्द्र था जिसे देखने के लिए लोग व बच्चे अनायास ही आकृष्ठ होकर भारी मात्रा में उपस्थिति दर्ज कराई एवं पुलिस द्वारा बताये गये संदेश को तो मैं तय रूचिपूर्वक सुन कर लाभान्वित हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं पुलिस विभाग सहित जिले के विभिन्न विभागों के राजपत्रित अधिकारीगण द्वारा जिला पुलिस द्वारा लगाये गये स्टॉल का भ्रमण कर अवलोकन किया गया।

# ऋषि शास्त्री के प्रयास से निर्माण कार्यो के लिए लाखों रूपये की मिली स्वीकृति



राजनांदगांव (दावा)। राजीव नगर में पार्षद ऋषि शास्त्री के प्रयास से शीतला मंदिर प्रांगण में शेड निर्माण के लिए 10 लाख की स्वीकृति एवं गौरव पथ सहित राजीव नगर में बीटी रोड के लिए विभिन्न स्थानों और मुख्य मार्गो को लेकर करोडों रूपये की स्वीकृति मिली जिसका जायजा अभियंता एवं ठेकेदार सहित वार्ड के प्रबुद्धजनों ने लिया एवं कार्य को प्रारंभ करने के लिए रूपरेखा तैयार की है।

# स्व.जगन्नाथ पटेल का मृत शरीर मानवता की भलाई के लिए समर्पित



चिकित्सा अध्ययन हेतु प्रनाम की पहल पर पूरे परिवार ने किया था देहदान

राजनांदगांव (दावा)। मानवता की भलाई के लिए जगन्नाथ डी.पटेल के मरणोपरांत उनका पार्थिव मानवता की भलाई के लिए चिकित्सा अध्ययन हेतु समर्पित किया गया। वैशाली नगर ईडब्लूएस 153 निवासी पटेल परिवार के सभी चार वयस्क सदस्यों द्वारा देहदान का संकल्प लिया गया था। गत 22 सितंबर को प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के पश्चात जगन्नाथ पटेल उनकी पत्नी राजोदेवी, दोनों बेटियां प्रभा पटेल और सुनीता पटेल ने देहदान हेतु संयुक्त रूप से वसीयत जारी की थी।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा से सेवानिवृत जगन्नाथ पटेल का निधन 79 साल की उम्र में हो गया। जिसकी सूचना परिजनों द्वारा पवन केसवानी को दी गई इसके पश्चात देहदान हेतु वाहन व्यवस्था के अलावा अन्य अनौपचारिकताएं संपन्न करवाई गई।

देहदानी स्व. जगन्नाथ पटेल की अंतिम यात्रा के दौरान उनकी पत्नी राजोदेवी दोनों बेटियां प्रभा और सुनीता के अलावा दिनेश मिश्रा, पवन केसवानी, दिगंबर ए.करमकर, राजाराम जाधव, मनोज मिश्रा एम एल गोपाल, राधेश्याम प्रसाद, आशीष जैन, मितू राजवंशी आदि प्रबुद्धजनों ने देहदान के पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता प्रदान की। देहदान हेतु प्रेरक संस्था प्रनाम के द्वारा विगत 16 वर्षो में अभी तक 2052 लोगों को देहदान हेतु प्रेरित किया जा चुका है। जिसमें 218 लोगों के मरणोपरांत उनकी पार्थिव काया छत्तीसगढ़ के विभिन्न मेडिकल कॉलेज में अध्ययन एवं अध्यापन कार्य के माध्यम से मानवता की भलाई के लिए समर्पित की हो चुकी है।

# ब्रह्म मुहूर्त में संस्कारधानी के चौक-चौराहे दीप मालिकाओं से हुए जगमग रौशन



० सनातन धर्मियों ने सैकड़ों दीपों से ओम व शुभ-लाभ आकृतियां बनाकर लक्ष्मी पूजन पर्व का किया आगाज

राजनांदगांव (दावा)। दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर लक्ष्मी पूजन के दिन ब्रह्म मुहूर्त में सनातन सेवा समिति के नर-नारियों ने शहर के विभिन्न चौंक-चौराहों में सैकड़ों दीप मालिकाएं सजाकर शहर को न केवल जगमग रौशन किया अपितु संस्कारधानी कहीं जाने वाली नगरी को नई उर्जा से भर दिया।

लक्ष्मी पूजन के शुभ मुहूर्त के दिन प्रातः साढ़े तीन बजे उठकर ब्रह्म मुहूर्त में शहर के जिन चौक चौराहों में ओम व शुभ-लाभ सहित अन्य शुभ आकृतियों से दीप मालिकाओं सजाई गई उसमें शहर के मानव मंदिर चौक, गांधी चौक, जयस्तंभ चौक, तिरंगा चौक, गंज चौक, भारत माता चौक, दुर्गा चौक, ब्राह्मण पारा, चौक नंदई चौंक, आजाद चौक मुख्य रुप से शामिल हैं।

### चौक-चौराहों सैकड़ों दीयों से हुए रौशन

सनातन धर्म सेवा समिति के प्रमुख राकेश ठाकुर अधिवक्ता ने बताया कि दीपक हमारे सनातन संस्कृति का प्राणाधार है। प्राण ज्योति को दीपक की संज्ञा दी गई है। शुभ कार्यों में दीपक जलाना आवश्यक माना गया है

दीपक का जलना शुभंकर तो है ही साथ ही यह हममें यह प्राण उर्जा का संचार करता है और इसमें मिट्टी का दीया हो तो इससे अच्छा शुभ और कुछ नहीं हो सकता। मिट्टी जहां हमें क्षण भंगुर होने की शिक्षा देती है वहीं दीए से उठने वाली लौ, हमें सदा उपर की ओर उठना और शुभ कर्म करते हुए उस ईश्वर तत्व में विलीन हो जाना सिखाता है और यदि कोई शुभ समय हो तो इसकी छटा न केवल निराली ही बन पड़ती है अपने चहुंओर को ज्योतिर्मयता से भरकर मंगलमयता का सृजन करती है, और सबकी शुभमयता की कामना कर सर्वे भवन्तु सुखिन की सीख हजारों वर्षो से देता चला आया है जो हमारे वेद वाक्य है।

बता दें कि श्री ठाकुर ने 500 वर्ष बाद अयोध्या के भव्य एव दिव्य मंदिर में श्री रामलाल के विराजमान होने पर दीपावली के दिन लोगों को मिट्टी के दीए अधिकाधिक संख्या में खरीदी कर दीप ज्योति करने की अपील की थी। खास बात यह रही कि लोगों ने हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी के लोकल फार वोकल के आह्वान को शिरोधार्य करते हुए बड़ी मात्रा में मिट्टी के दीए खरीदे और दीपावली पर्व पर अपने घर-आंगन-चौबारे को जगमग रौशन किया। उसी क्रम में सनातन सेवा परिवार के लोगों ने दीपावली लक्ष्मी पूजन के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर शहर के चौक चौराहो को मिट्टी के दीए से रौशन कर शहर को दिव्य आलोक से भर दिया। इससे ऐसा लग रहा था कि हम सचमुच ही अयोध्या के रामलला नगरी में पधारे हुए हैं। इन दीप मालिकाओं को सजाने में प्रमुख रूप से श्रीमती मनीषा शुक्ला, मौसमी शर्मा, मधु अग्रवाल, निशा ठाकुर, भगवती साहू, उषा आदि सहित बड़ी संख्या में बच्चियां व शहर के समाज सेवी राकेश इंदूभूषण ठाकुर, डीसी जैन, अधिवक्ता विवेक शुक्ला नारायण कन्नौजे,राजू डागा, जयनारायण सिंह, विजय हरिहारणों अमलेन्दू हाजरा सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्मी जनों उपस्थित थे।

# किसानों को गुमराह करने वाले कथित किसान नेता की 5 साल बाद नींद खुली

किसानों की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटी सेकने वालों पर प्रशासन कड़ी कार्रवाई करें- कोमल सिंह राजपूत



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत में कहा कि कथित किसान नेता अन्नदाता किसानों को गलत और भ्रामक जानकारी देकर सरकार के खिलाफ बरगलाने के कुत्सित प्रयास कर रहे है।

श्री राजपूत ने कहा कि किसान नेता अपनी राजनीति को चमकाने के लिए किसानों को गलत तरीके से भड़का रहे हैं। अन्नदाता किसानों के पसीने और परिश्रम का सम्मान करने वाली भाजपा ही देश की पहली ऐसी सरकार है जो किसानों के धान को 3100 रुपए में एवं पूरे 21 क्विंटल प्रति एकड़ खरीदती है, उन्होंने जोर देकर कहा कि आजादी के 55 वर्षो के बाद डॉक्टर रमन सिंह की सरकार ने 0 प्रतिशत ब्याज में ऋण देकर किसानों को ब्याज से मुक्ति दिलाने का कार्य किया और खाद, बीज में सब्सिडी लगातार देते हुए किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का लगातार प्रयास कर रही है। कृषि यंत्रों में सब्सिडी के साथ-साथ किसानों के सम्मान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक छोटे से छोटे किसान के खाते में सीधे ही किसान सम्मान निधि के रूप में 6000 रुपए वार्षिक भेजने का कार्य भाजपा की सरकार कर रही है।

कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान अभी भूले नहीं है कि भूपेश बघेल की सरकार किसानों के धान के पैसे को देने के लिए चार किस्तों में बैंक में लाइन लगा कर किसानों को परेशान करने का कार्य करती थी। किसानों को अमानक बर्मी कम्पोस्ट खाद के नाम पर जबरदस्ती मिट्टी मिली हुई खाद थमाई जाती थी, गिरदावरी के नाम पर किसानों की खेती का रकबा घटाया जाता था।

राजपूत ने कहा कि कांग्रेस के शासन में आंदोलन करने पर किसानों पर लाठी बरसाई गई तब ये कांग्रेसी नेता के मुंह क्यों बंद थे, क्या ये गहरी नींद में थे। किसान नेता कोमल सिंह राजपूत ने अन्नदाता किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि किसान किसी के बहकावे में न आये।

किसान हितैषी भाजपा सरकार के किसान कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपनी कृषि को लाभकारी बनाए, उन्होंने आगे कहा कि जमीन में जल का स्तर घटते जा रहा है, इसलिए भविष्य को ध्यान में रख कर गंभीरता पूर्वक विचार करे, और रबी सीजन में धान के बदले दलहन, तिलहन एवं उद्यानिकी फसलों का उत्पादन लेकर फसल चक्र परिवर्तन से जमीन को उर्वरा शक्ति को बनाए रखे।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्या

बालोद (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मंगलवार 05 सितम्बर को संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित जनदर्शन में पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुँचे लोगों के समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# नियमों को ताक में रख स्वीकृत हो रहे हैं पीएम आवास



**○ सरकारी पैसों का भरपूर दुरूपयोग**
**○ जरूरतमंदों को छोड़ पक्के बिल्डिंग व वाहन मालिकों को दिया जा रहा है लाभ**

डोंगरगाँव (दावा)। गरीब आवासहीन व कच्चे जर्जर मकानों में निवास करने वाले ग्रामीणों को पक्का आवास देने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना प्रारंभ किया गया है. इसके तहत अनेक गरीबों को लाभ मिल रहा है किन्तु जांच के अभाव सम्पन्न और पक्के मकान मालिकों को भी इसका लाभ दिया जा रहा है, इस योजना के तहत कच्चे मकानों में रहने वाले या बिना छत वाले परिवारों को पक्के मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता दी जाती है.

इस योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलता है जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है. इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होने के लिए सबसे पहला शर्त हितग्राही को बेघर होना चाहिए या कच्चा कच्चा मकान होना चाहिए, पात्रता के लिए और भी अनेक अर्हताएँ पूर्ण करनी होती है किन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों की मनमानी के चलते अपात्र व्यक्तियों को भी सरकारी पैसों का बंदरबांट किया जा रहा है जबकि अनेक गरीब और पात्र ग्रामीण अपने बारी के इंतजार में आज तक बाट जोह रहे हैं।

ऐसा ही एक बड़ा उदाहरण ग्राम पंचायत कोहका का है, जिसमें स्वयं का पक्का मकान होने के बावजूद ग्रामीण आवास स्वीकृत कर दिया गया है और एक किस्त जारी भी कर दी गई है हॉलाकि मामले की जानकारी मिलने के बाद इसे निरस्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है और उन्हें जारी की गई राशि की भी वापसी के लिए ग्राम पंचायत को कहा गया है। नियमों को ताक में रखकर शासकीय राशि का दुरूपयोग को रोकना प्रशासनिक अधिकारियों का काम है लेकिन शासन-प्रशासन ऐसे मामलों को लेकर गंभीर नहीं हैं।

यह केवल एक बड़ा उदाहरण है कि जनपद क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में मनमाने ढंग से अयोग्य हितग्राहियों को बंदरबांट कर शासकीय राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है, इस मामले में न केवल राशि की वापसी की जानी चाहिए बल्कि मामले में जुड़े सभी कर्मचारियों को भी कड़ी सजा दिए जाने की आवश्यकता है ताकि सक्षम व्यक्तियों को इस योजना का लाभ दिये जाने के बजाए जरूरतमंदों को इसका लाभ दिया जा सके ताकि गरीबों बेघर को आवास का देने का मूल उद्देश्य की पूर्ति हो सके।

# किसानों को छल रही भाजपा सरकार - मदन साहू

**ग्रीष्मकालीन धान की पैदावारी पर रोक लगाकर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी चला रही**



राजनांदगांव (दावा)। जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदन साहू ने अपने एक जारी बयान में कहा कि छत्तीसगढ़ की सत्ता सीन भाजपा ने किसानों के साथ एक बार और विश्वास घात किया है। चुनाव के समय ग्रीष्मकालीन धान की खेती पर प्रतिबंध लगाने कोई बात नहीं कही थी। लेकिन रबी सीजन का धान बोने के समय ग्रीष्मकालीन धान की खेती पर प्रतिबंध का फरमान जारी कर गांव-गांव मुनादी कर रही है। इससे ग्रामीण किसान ही नहीं गांव की खेतीहर मजदूर भी सरकार के इस निर्णय का विरोध जताने लगे हैं। ग्रामीण किसान मजदूर को गर्मी के दिनों में आर्थिक दशा सुधारने खेती ही मुख्य कार्य होता है। लेकिन इस पर भी प्रतिबंध लगाकर किसानों के साथ अन्याय और छल करने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय सरकार को आगामी आम चुनाव में इसका खामियाजा भुगतान पड़ सकता है।

श्री साहू ने आगे कहा कि रबी सीजन में धान की खेती करने पर प्रतिबंध लग गया है। जिला प्रशासन ने इसके लिए अपील जारी की है। अब गांव-गांव में मुनादी कर किसानों को फसल नहीं लगाने की बात कही जा रही है। वहीं गांवों में हो रही मुनादी में धान की फसल लगाने पर 50 हजार रुपए तक का जुर्माना लगने की भी बात कही जा रही है। दरअसल खरीफ सीजन में ही मोटर पंप चलने की वजह से पेयजल स्तर में तेजी से गिरावट हुई थी। आशंका है कि रबी सीजन में किसान धान की फसल लगाते हैं तो करीब 50 हजार बोर के माध्यम से पानी खींचा जाएगा। इससे जलस्तर तेजी से घटेगा। इससे आगे पेयजल की समस्या हो सकती है। इसे देखते हुए प्रशासन ने किसानों से रबी सीजन में धान की बजाए दूसरी फसल लेने की अपील की है। ऐसी फसल लगाने कहा जा रहा है, जिसमें पानी का इस्तेमाल कम हो। हालांकि प्रशासन के इस फरमान से किसानों में आक्रोश भी है। गर्मी में धान की फसल को काम करने के लिए किसानों में जन जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। सरकार के पास ऐसी कोई योजना नहीं है। कि फसल चक्र परिवर्तन करें और दूसरी फसल लगाई उसकी क्या व्यवस्था है सरकार कैसे खरीदें बिना कोई योजना के फरमान जारी करना गलत है। यह फरमान को शासन वापस नहीं लिया तो किसानों के साथ सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

## पहला कॉलम...

### धान की खेती पर रोक जनविरोधी निर्णय व किसानों के साथ अन्याय - विष्णु लोधी



डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए सरकार का रवैया निंदनीय है। छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है, जिसे 'धान का कटोरा' कहा जाता है। यहां की जलवायु, भूमि और वातावरण धान की खेती के लिए उपयुक्त हैं, जिसके कारण राज्य में धान का व्यापक उत्पादन होता है। ऐसे में सरकार द्वारा इस वर्ष रबी सीजन में धान की खेती पर प्रतिबंध लगाना और किसानों पर जुर्माना लगाने की बात करना सीधे-सीधे किसानों के हितों पर प्रहार है।

विष्णु लोधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान अपनी मेहनत और परिश्रम से फसलों को सींचते हैं, और उन्हें अपनी जमीन पर क्या उपजाना है, यह निर्णय लेने का पूरा हक है। किसानों के पास खेती के अलावा जीविकोपार्जन का कोई अन्य साधन नहीं है, और खेती ही उनकी आजीविका का एकमात्र स्रोत है। यदि किसान अपनी ही भूमि पर धान की फसल नहीं उगा सकते, तो वे क्या उगाएँगे, कहाँ जाएँगे, और कैसे अपने परिवार का पेट भरेंगे? यह एक गंभीर प्रश्न है। विष्णु लोधी ने कहा हम किसानों के लिए राज्य सरकार से मांग करते हैं कि किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए इस फैसले पर पुनर्विचार करे और उन्हें उनकी जमीन पर धान की खेती करने का अधिकार दे और सरकार को अन्य जल संरक्षण योजनाओं पर काम करना चाहिए, ताकि किसानों की फसलें सुरक्षित रहें और भूजल स्तर भी स्थिर बना रहे। विष्णु लोधी ने यह भी कहा कि हम किसान भाइयों के साथ हैं और उनकी हरसंभव सहायता करने का वचन देते हैं। सरकार की इस जनविरोधी नीति का हम कड़ा विरोध करते हैं और जरूरत पड़ने पर सड़कों पर उतर कर विरोध करने के लिए तैयार हैं। यदि सरकार वास्तव में किसान हितैषी है, तो उसे किसानों को धान उत्पादन से वंचित नहीं करना चाहिए और इस जनविरोधी आदेश को तत्काल निरस्त करना चाहिए।

### हिंदुत्व की गूंज ने अमेरिका में बाइडेन का तख्ता ही पलट दिया-राजेश गुप्ता अग्रहरि



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने अमेरिकी चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प की वापसी पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जहां योगी - मोदी के हिंदुत्व की गूंज ने हरियाणा में पुनः भाजपा की सरकार लौटा दी। वहीं हिंदुत्व के प्रति बोले गए एक सहानुभूति के शब्द ने अमेरिका में तख्ता ही पलट के रख दीया। डेमोक्रेटिक पार्टी के हिंदू मूल की उम्मीदवार कमला हैरिस बंगला देश व कनाडा में हूए हिंदुओं पर अत्याचार व हमले के संबंध में दो सहानुभूति के शब्द बोल सकती थी लेकिन वह इसे जरूरी नहीं समझा जिसकी परिणति कमला हैरिस को हार के रूप में मिली। इससे पता चलता है कि हिंदुओं का उठ खड़ा होना पूरे विश्व में क्या परिदृश्य रच सकता है।

श्री अग्रहरि ने कहा कि अमेरिका के पूर्व चुनाव में भारत के दबंग प्रधान मंत्री आदरणीय मोदी जी ने ट्रंप को अपना दोस्त बताते हुए कैंपेनिंग की थी, लेकिन तब नहीं जीत पाए ट्रंप इस बार के चुनाव में भारी मतों से जीते। इससे अमेरिका वासियों को एहसास तो हुआ कि उक्त चुनाव में जो बाइडेन का चयन गलत था। यदि ट्रंप होते तो बंगला देश में हिन्दुओं को कट्टर पंथियों का शिकार नहीं होना पड़ता और न बंग बंधु की बेटी शेख हसीना को निर्वासन का शिकार होना पड़ता। खैर देर आये-दुरुस्त आये की तरह इससे लोगों को पता चल जाना चाहिए कि हिंदुओं के प्रति दो सहानुभूति के शब्द की ताकत क्या होती है, और उसे हिंदुओं का किस तरह प्यार मिलता है वहीं सत्य सनातन हिंदू धर्म को कुचले जाने की सोच रखने वालों का क्या हश्र हो सकता है अंदाजा लगाया जा सकता है।

### सिंघोला आज में माता मड़ई मेला



हरदी (दावा)। माँ भानेश्वरी धाम ग्राम सिंघोला में माता मड़ई मेला का आयोजन आज 7 नवम्बर दिन गुरुवार को मंदिर चौक में रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में हरिशंकर छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक नाचा पार्टी ग्राम भूरसातरहूल भानुप्रतापपुर, कांकेर वाले का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी देते हुए माँ भानेश्वरी मंदिर के पुजारी दिलीप ठाकुर व ठाकुर राम साहू ने अंचल के व्यापारिओं एवं जन मानस को अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

# अनिल अग्रवाल सर्वसम्मति से बनाये गए अग्रवाल समाज गंडई के प्रथम अध्यक्ष




गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई नगर के विश्राम गृह में अग्रवाल समाज का आवश्यक बैठक दिनांक 6 नम्बर को आहूत किया गया। बैठक के दौरान समाज में पदाधिकारियों का चयन किया जाना था साथ ही अन्य विभिन्न विषयों पर मंथन किया जाना था सर्वप्रथम समाजिक हित मे विभिन्न विषयों पर चर्चा किया ततपश्चात अग्रवाल समाज गंडई के विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया जिसमें अनिल अग्रवाल को सर्वसम्मति से अग्रवाल समाज गंडई का प्रथम अध्यक्ष चुना गया इसी प्रकार उपाध्यक्ष के लिए सुशील अग्रवाल एवं सजंय अग्रवाल को चुना गया सचिव पद के लिए सुनील गोयल एवं जैकी सिंघानिया को कोषाध्यक्ष चुना गया।

कार्यकारिणी सदस्य पद पर अजय अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, जित्तू अग्रवाल, रमाकांत अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, सतीश सिंघानिया, राहुल अग्रवाल, राजू अग्रवाल, रितेश सिंघानिया, राहुल अग्रवाल को तय किया गया। बता दे कि अग्रवाल समाज गंडई के प्रथम अध्यक्ष अनिल अग्रवाल भाजपा के कदावर नेता है विगत 20 सालों से अधिक समय से अनिल अग्रवाल भाजपा में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके है वर्तमान में वे भाजपा के केसीजी जिले के जिला उपाध्यक्ष है इसके अलावा अनिल अग्रवाल अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष है साथ ही साथ पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेश सचिव है एवम गंडई प्रेस क्लब के संरक्षक है अनिल अग्रवाल लगातार आम जन की सेवा में तत्पर रहते है वर्तमान में अग्रवाल समाज के प्रथम अध्यक्ष बनाये जाने पर अग्रवाल समाज, इष्ट मित्र एवं अन्यो में खुशी की लहर है। इसी प्रकार अग्रवाल समाज गंडई के प्रथम बनाये गए उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल भाजपा के गंडई मंडल के अध्यक्ष पद पर पूर्व में रह चुके है। समाज के बैठक में प्रमुख रूप से कुश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, पप्पू अग्रवाल, नंदू अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, कमल अग्रवाल सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गर्मी धान पर प्रतिबंध भाजपा का किसान विरोधी चेहरा फिर आया सामने - महेंद्र यादव



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी राजनंदगांव ग्रामीण के महामंत्री महेंद्र यादव ने अपने एक जारी बयान में कहा कि भाजपा का किसान विरोधी चरित्र उजागर हो गया है। हर साल गर्मी में भी धान उगाकर अपनी आर्थिक दशा सुधारने वाले किसानों को इस वर्ष रबी सीजन में धान उगाने पर रोक लगाकर उन्हें नाराज कर दिया है। राजनांदगांव जिले सहित प्रदेश भर के किसान सरकार के इस रूखे बर्ताव का जमकर विरोध करने लगे हैं। चुनाव के समय लुभाने वादे कर सत्ता में काबिज होने वाली भाजपा अब किसानों को ही लाल आंख दिखाने लगी है। पिछले 5 सालों में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार में किसानों के चेहरे पर जबरदस्त खुशहाली थी और किसान सशक्त और समृद्ध हुए थे। आज प्रशासन के इस आदेश से किस साथियों में मायूसी और भाजपा सरकार के खिलाफ जन आक्रोश देखा जा रहा है आने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में किसान साथी इसका बदला जरूर लेगे।

श्री यादव ने आगे कहा कि रबी सीजन में धान की खेती करने पर प्रतिबंध लग गया है। जिला प्रशासन ने इसके लिए अपील जारी की है। अब गांव-गांव में मुनादी कर किसानों को फसल नहीं लगाने की बात कही जा रही है। वहीं गांवों में हो रही मुनादी में धान की फसल लगाने पर 50 हजार रुपए तक का जुर्माना लगने की भी बात कही जा रही है।

# तहसील साहू संघ ने दामाखेड़ा घटना को लेकर जताई आपत्ति, की गई निंदा




**अपराधियों को कडी से कडी सजा देने की शासन से की गई मांग**

डोंगरगढ़(दावा)। तहसील साहू संघ डोंगरगढ़ ने कबीर पंथ के अनुयाई भारत के प्रमुख स्थान कबीर पंथ के धर्मगुरु प्रकाश मुनि नाम के आश्रम दामा खेडा में हुए घटना को लेकर कडी निंदा की है। संघ के अध्यक्ष हंसराज साहू, संरक्षक हेमंत साहू, सचिव कुलदीप साहू, मंथीर दास साहू ने बताया कि उक्त घटना को लेकर साहू समाज आक्रोशित है ऐसी घटना को समाज बर्दाश्त नहीं करेगा साथ ही उन्होंने उक्त घटना को करने वाले अपराधियों को जल्द से जल्द जांच कर कडी से कडी सजा देने की मांग की है। इस अवसर पर समाज के धर्मदास साहू, योद्धा दास साहू, भारत साहू,कचरू हिवानी, बोधी दास साहू, गंगाधर साहू, अशोक साहू सहित बडी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

ऐतिहासिक कबीर मंदिर आश्रम पेण्ड्री ने कबीर धर्मनगर दामाखेडा में दीपावली की रात उपद्रवियों द्वारा आचार्य हुजूर प्रकाश मुनि नाम साहेब कबीर आश्रम में किए गए हमले व नवोदित वंशाचार्य उदित मुनि नाम साहेब को धमकी देने तथा आश्रम में बम फेंके जाने की घटना को लेकर कबीर आश्रम एवं जिले के कबीरपंथी अनुयायी में इस गंभीर घटना को लेकर आक्रोश व्यप्त है। तथा इस घटना को निंदा करते हुए निंदनीय तथा कबीरपंथियों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण तथा अन्याय बताया है। इस घटना के विरोध में सभी कबीरपंथी समाज के साधु-संत महंत एवं भक्तो सभी एक हैं और शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई।

**शासन-प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करेंगे - सद्गुरु कबीर**

आश्रम पेण्ड्री के कबीरपंथी अनुयायीयों ने कहा है कि कबीरपंथ एक सहज-सरल एवं सत्य-अहिंसा का पंथ है जो कबीर साहेब के सिद्धांत एवं उपदेश पर चलता है देशभर के कबीरपंथी एवं कबीर गद्दी सब एक हैं कबीरपंथ के किसी भी गद्दी या आचार्य के आश्रम में हुई इस प्रकार के घटना पर सभी इस घटना का विरोध करते हैं तथा शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकार की घटना में सम्मिलित आरोपियों एवं उपद्रवियों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कडी से कडी सजा देने की मांग की है। इस घटना का पूरे देश के कबीरपंथी एक साथ विरोध करेंगे। कबीरपंथियों में किसी प्रकार का भेद नहीं है सब एक हैं और ऐसे विकट समय में तो हम शासन-प्रशासन एवं उपद्रवियों के खिलाफ आंदोलन करेंगे। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि अब इस प्रकार की घटना भविष्य में और भी आश्रमों भी हो सकती है। हम ऐसे शरारती तत्वों को बर्दाश्त नहीं कर सकते।

# अतिरिक्त मुख्य अभियंता परियोजना बी.के.कुमरे ने ली अधिकारियों एवं ठेकेदारों की समीक्षा बैठक



दुर्ग (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के क्षेत्रीय मुख्यालय स्थित सभागार में अतिरिक्त मुख्य अभियंता परियोजना रायपुर बी.के.कुमरे ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लंबित पंप कार्यों के संबंध में अधिकारियों एवं ठेकेदारों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने इसके अंतर्गत कार्य करने वाली एजेन्सियों के कार्यों की समीक्षा करते हुए लंबित पंप कार्यों का निष्पादन त्वरित गति से करने व कार्य की गुणवत्ता को बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य की प्रगति पर विस्तार पूर्वक जानकारी ली। श्री कुमरे ने पंप कनेक्शन से संबंधित तकनीकी व्यवधानों के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए कार्यों की गुणवत्ता बनाये रखने पर जोर देते हुए दिसंबर तक समस्त कार्य पूर्ण करने के ठेकेदारों एवं अधिकारियों को निर्देश दिये।

बैठक में उपस्थित दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम.जामुलकर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में दुर्ग जिले को कुल 10421 स्थाई कृषि पंप कनेक्शन का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिनमें से दुर्ग जिले को 2022, बेमेतरा जिले में 3136 एवं बालोद जिले हेतु 5263 स्थाई कृषि पंप कनेक्शन का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्राप्त लक्ष्य में से कुल 8569 पंप कनेक्शनों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिनमें दुर्ग जिले में 1896, बालोद जिले में 2569 एवं बेमेतरा जिले में 4104 पंप कनेक्शनों का कार्य शामिल है। श्री जामुलकर ने कहा कि लंबित पंप कनेक्शनों का कार्य प्रगति पर है, जिन्हें निर्धारित समय तक पूर्ण कर लिया जाएगा। मुख्य अभियंता ने समस्त ठेकेदारों को अपने श्रमिकों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने एवं उनका उपयोग सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया, जिससे कि किसी भी प्रकार की दुर्घटनाओं को टाला जाकर शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। ठेकेदारों और अधिकारियों को भी उनके द्वारा कार्य स्थल पर जाकर कार्यों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता वृत्त ए.के.लखेरा, अधीक्षण अभियंता परियोजना रायपुर श्रीमती एम.नागवंशी, कार्यपालन अभियंता परियोजना दुर्ग डी.के.भारती, कार्यपालन अभियंता परियोजना बेमेतरा मो.जलालुद्दीन, कार्यपालन अभियंता श्रीमती अनसुईया ठाकुर, सहायक अभियंता श्रीमती श्वेता वर्मा एवं ढालेश्वर साहू तथा दुर्ग क्षेत्र के समस्त ठेकेदार उपस्थित हुए।

# विनोद कुमार मंडलोई को मिला मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान



छुरिया (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैंदाटोला के प्राचार्य विनोद कुमार मंडलोई को राजनांदगांव जिले में श्रेष्ठ दायित्व निर्वहन एवं उत्कृष्ट नेतृत्व हेतु सत्यनारायण राठौर आर.एल.ठाकुर संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग ए.एन.बी.स्वामी सहायक संचालक एच.एस.वर्मा उपसंचालक अरविंद मिश्रा देव दुर्गा द्वारा प्रशस्ति पत्र मोमेंटो शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि मंडलोई जी विद्यालय के चहूंमुखी विकास हेतु सदा तत्पर रहते हैं, चाहे खेल के क्षेत्र में हो चाहे अनुशासन या पढ़ाई लिखाई का क्षेत्र हो। शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी एवं समिति के सदस्य गण एवं शिक्षक स्टाफ ने श्री मंडलोई की उपलब्धि पर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। प्राचार्य विनोद कुमार मंडलोई ने सम्मान प्राप्त करने के बाद कहा। कि वह राजनांदगांव डी ई ओ सहित विभाग के उच्च अधिकारियों, शाला विकास एवम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी के सतत मार्गदर्शन शिक्षक स्टाफ के सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो पाई।

# समपार फाटकों पर रोड ओवर ब्रिज व रोड अंडर ब्रिज / लिमिटेड हाइट सब-वे आदि का होगा निर्माण



**रेल फाटकों पर निर्बाध गति से आवागमन एवं ट्रैफिक जाम से छुटकारा**

राजनांदगांव (दावा)। संरक्षित, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा अनुभव के साथ के तीव्र गति से बाधारहित ट्रेन परिचालन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का लक्ष्य है। कई स्थानों पर रोड द्वारा रेलवे ट्रेक को क्रस किया जाता है। ऐसे जगहों पर समपार फाटक बने होते है। इन समपार फाटकों पर गेटकीपर की नियुक्ति की जाती है जो कि संरक्षित ट्रेन परिचालन को सुनिश्चित करते है। संरक्षा की दृष्टि एवं तकनीकी कारणों से समपार फाटकों पर निर्बाध गति से ट्रेन परिचालन एवं रोड यातायात में होने वाली इन कठिनाइयों से उबरने हेतु विभिन्न लेवल क्रासिंग गेटों का उन्मूलन कर उसके स्थान पर लिमिटेड हाइट सबवे/रोड अंडर ब्रिज तथा रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कर सुरक्षित, संरक्षित तथा निर्बाध गति से न केवल ट्रेन परिचालन को सुनिश्चित कर रही है बल्कि लेवल क्रॉस करने वाले व्यक्तियों/वाहनों आदि को भी निर्बाध गति एवं सुरक्षा के साथ ट्रेक क्रॉस करने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सम्पूर्ण मेन लाइन में मानवरहित समपार फाटको का उन्मुलन किया जा चुका है। अप्रैल 2022-23 में कुल 10 मानव युक्त समपार फाटकों तथा वर्ष 2023-24 के दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कुल 05 मानव युक्त समपार फाटकों का उन्मुलन इनके जगह रोड ओवर ब्रिज / रोड अंडर ब्रिज / लिमिटेड हाइट सबवे आदि के निर्माण कार्यों को पूरा किया गया है। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत करीब 41 मानव सहित समपार फाटकों का उन्मुलन कर रोड ओवर ब्रिज तथा रोड अंडर ब्रिज लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके पूर्ण होने से समपार फाटकों द्वारा आवागमन करने वाले सड़क मार्ग के मुसाफिरों तथा वाहनों के लिए रोड ओवर ब्रिज, रोड अंडर ब्रिज तथा लिमिटेड हाइट सबवे आदि के निर्माण से सुरक्षित, संरक्षित तथा निर्बाध गति से न केवल ट्रेन परिचालन को सुनिश्चित होगी बल्कि लेवल क्रॉस करने वाले व्यक्तियों, वाहनों आदि को भी निर्बाध गति एवं सुरक्षा के साथ ट्रेक क्रॉस करने की सुविधा उपलब्ध होगी। रेलवे में होने वाली दुर्घटनाओं का एक बड़ा प्रतिशत समपार फाटको पर घटित होती है। श्रीमती नमिता त्रिपाठी, मंडल रेल प्रबंधक के नेतृत्व में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा समपार फाटकों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने तथा सड़क यातायात के अत्यधिक दबाव वाले मार्गो में निर्बाध गति एवं सुरक्षा के साथ आवागमन को सुनिश्चित करने की दिशा में हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

## पहला कॉलम...

### सोने-चांदी की कीमतों में आई गिरावट

नई दिल्ली । सोने और चांदी की कीमतों में बुधवार को भारी गिरावट देखी गई है। घरेलू और वैश्विक दोनों ही बाजारों में पीले धातु की चमक फीकी पड़ी है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 दिसंबर 2024 की डिलीवरी वाला सोना 0.24 प्रतिशत या 186 रुपये गिरकर 78,321 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है।

चांदी की कीमतों में और भी ज्यादा गिरावट देखने को मिली है। 5 दिसंबर 2024 की डिलीवरी वाली चांदी 1.55त्न या 1468 रुपये गिरकर 93,180 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही है। कॉमेक्स पर सोने का भाव 0.11प्रतिशत या 2.90 डॉलर गिरकर 2746.80 डॉलर प्रति औंस पर और गोल्ड स्पॉट 0.34त्न या 9.32 डॉलर गिरकर 2734.67 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। कॉमेक्स पर चांदी 1.75त्न या 0.57 डॉलर गिरकर 32.20 डॉलर प्रति औंस पर और चांदी स्पॉट 1.71त्न या 0.56 डॉलर गिरकर 32.10 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है। सोने-चांदी में निवेश करने वाले निवेशकों को इस गिरावट का ध्यान रखना चाहिए। हालांकि, लंबे समय में सोना और चांदी एक सुरक्षित निवेश विकल्प माने जाते हैं।

### शेयर बाजार : सेंसेक्स 300 से ज्यादा अंक चढ़ा

मुंबई । अमेरिका में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव के बीच भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इंफ्रा जैसे सेक्टर में खरीदारी हो रही है। बीएसई का सेंसेक्स 367.63 अंक या 0.46 प्रतिशत चढ़ने के बाद 79,844.26 पर कारोबार कर रहा है। वहीं, एनएसई का निफ्टी 95.30 अंक या 0.39 प्रतिशत चढ़ने के बाद 24,308.60 पर कारोबार कर रहा है। बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,820 शेयर हरे, जबकि 449 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी बैंक 82.50 अंक या 0.16 प्रतिशत चढ़ने के बाद के 52,289.75 पर है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 474.45 अंक या 0.85 प्रतिशत चढ़ने के बाद 56,589.90 स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 148.25 अंक या 0.80 प्रतिशत चढ़ने के बाद 18,651.70 पर है। सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, मारुति, सन फार्मा और एक्सिस बैंक टॉप गेनर्स रहे। वहीं, टाइटन, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा मोटर्स और एसबीआई टॉप लूजर्स रहे।

### स्वियातेक को मिली हार से अरिना सबालेंका को मिला बड़ा फायदा

रियाद। कोको गॉफ की स्वियातेक पर 6-3, 6-4 से जीत से यह तय हो गया कि बेलारूस की 26 वर्षीय खिलाड़ी सबालेंका वर्ष 2024 के आखिर में महिलाओं के रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज रहेंगी। सबालेंका ने पिछले साल सितंबर में स्वियातेक को पीछे छोड़कर कुछ समय के लिए विश्व रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था।

पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक को कोको गॉफ के खिलाफ डब्ल्यूटीए फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। स्वियातेक की हार से हालांकि, सबसे ज्यादा फायदा अरिना सबालेंका हुआ जो करियर में पहली बार महिलाओं की रैंकिंग में साल का अंत शीर्ष पर रहकर करेंगी। कोको गॉफ की स्वियातेक पर 6-3, 6-4 से जीत से यह तय हो गया कि बेलारूस की 26 वर्षीय खिलाड़ी सबालेंका वर्ष 2024 के आखिर में महिलाओं के रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज रहेंगी। सबालेंका ने पिछले साल सितंबर में स्वियातेक को पीछे छोड़कर कुछ समय के लिए विश्व रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था।

### शाओमी इंडिया के प्रमुख मुरलीकृष्णन बी ने इस्तीफा दिया

नई दिल्ली। चीन की स्मार्ट डिवाइस मैन्यूफैक्चरर शाओमी के भारत प्रमुख मुरलीकृष्णन बी ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है. कंपनी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि मुरलीकृष्णन अब एकेडमिक्स रिसर्च के फील्ड में काम करना चाहते हैं. शाओमी ने बताया कि मुरलीकृष्णन भविष्य में भी कंपनी को इंडिपेंडेंट स्ट्रेटेजिक एडवाइजर के तौर पर सेवाएं देते रहेंगे.

शाओमी इंडिया ने कहा कि शाओमी इंडिया के वर्तमान अध्यक्ष मुरलीकृष्णन बी इस साल के अंत में अपनी भूमिका से बाहर हो जाएंगे. कंपनी के साथ छह साल से ज्यादा तक रहने के बाद मुरलीकृष्णन अकादमिक शोध में अपने काम को आगे बढ़ाना चाहते हैं. मुरलीकृष्णन ने कंपनी की कमान तब संभाली जब प्रवर्तन निदेशालय के साथ उसका विवाद चरम पर था. प्रवर्तन निदेशालय ने अप्रैल 2022 में कथित तौर पर विदेशी मुद्रा प्रबंधन नियमों का उल्लंघन करने के लिए कंपनी से 5551 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि जब्त की थी.

# अफगानिस्तान ने जीता पहला वनडे, बांग्लादेश 143 पर ढेर



शारजहा। शारजहा में खेले गए पहले वनडे को अफगानिस्तान ने 92 रन से जीत लिया। 236 रन के टारगेट के सामने बांग्लादेश की टीम महज 143 रन पर सिमट गई। मोहम्मद गजनफर ने 26 रन देकर 6 विकेट चटकाए। उन्होंने मेहमान बांग्लादेश की बैटिंग लाइन अप की कमर तोड़ दी। बेहतरीन गेंदबाजी के चलते गजनफर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले अफगानिस्तान के कप्तान हशमतउल्लाह शाहिदी ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। हशमतउल्लाह शाहिदी के अर्धशतक और मोहम्मद नबी के 84 रनों की बदौलत अफगान टीम ने बांग्लादेश के सामने 235 रन बनाए। कप्तान हशमतउल्लाह शाहिदी ने 92 गेंदों पर 52 रन ठोके। इस पारी में 2 चौके लगाए। इसके बाद लोअर मीडिल ऑर्डर में मोहम्मद नबी ने मोर्चा संभाला। नबी ने 79 गेंदों पर 84 रन की पारी खेली। इसमें 4 चौके और 3 छक्के जड़ें। अफगानिस्तान की पारी टीम 49.4 ओवर में 235 रन पर सिमट गई। इसके अलावा सादिकउल्लाह ने 21, गुलबदीन नैब 22 और नांगियालाई खरोटी ने 27 रन बनाए।

वहीं, बांग्लादेश की तरफ से मुस्तफिजुर रहमान और तस्कीन अहमद ने 4-4 विकेट झटके। दोनों ने किफायती गेंदबाजी करते हुए अफगानिस्तान की बल्लेबाजी को कम स्कोर पर रोक दिया। शोरिफुल इस्लाम को भी एक विकेट मिला।

बांग्लादेश की तरफ से कप्तान नजमुल हसन शांतो ने 47 रन बनाए। सौम्य सरकार 33 और मेहदी हसन मिराज 28 रन बनाकर चलते बने। इनके अलावा कोई दूसरा बल्लेबाज अफगानिस्तान के गेंदबाजों के सामने नहीं टिक पाया। ऑफ ब्रेक स्पिनर मोहम्मद गजनफर ने विकेटों का छक्का लगाया। राशिद खान ने 2 विकेट चटकाए। मोहम्मद नबी और अजमत उल्लाह उमरजई को 1-1 विकेट मिला।

## श्रीलंका की टी20आई और ओडीआई टीम का एलान

**चरिथ असलंका को मिली कमान; पूर्व कप्तान फिर नजरअंदाज**

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 मैचों की टी20आई सीरीज और 3 मैचों की ओडीआई सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम का एलान हो गया है। श्रीलंका के पूर्व कप्तान दासुन शनाका को फिर से नजरअंदाज किया गया। चरिथ असलंका को श्रीलंका की वनडे और टी20आई टीम की कमान सौंपी गई है। इन टीमों में पेसर दुष्मंथ चमीरा को भी जगह नहीं मिली।

इससे पहले शनाका और चमीरा को व्हाइट बॉल सीरीज के लिए वेस्टइंडीज के खिलाफ इग्नोर किया गया था। पूर्व श्रीलंकाई कप्तान दासुन ने आखिरी बार टी20आई मैच जुलाई 2024 में खेला था, जबकि वनडे मैच उन्होंने जनवरी 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेला था।

दरअसल, न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए श्रीलंकाई टीम में कुसल परेरा की वापसी हुई है। उनकी वापसी वनडे विश्व कप के बाद पहली बार हुई है। भानुका राजपक्षी, जिन्होंने वेस्टइंडीज सीरीज के दौरान नेशनल टीम के लिए वापसी की थी, उन्हें भी मौका मिला है।

श्रीलंका का न्यूजीलैंड दौरा व्हाइट-बॉल चरण के दौरान साल की शुरुआत में 2 टेस्ट मैचों के बाद होगा, जहां ब्लैककैप्स को श्रीलंकाई टीम ने 0-2 से हराया था। अगर बात करें मैचों के शेड्यूल की तो श्रीलंका बनाम न्यूजीलैंड के बीच 2 टी20 मैच 9 और 10 नवंबर को दांबुला में होंगे। 13 नवंबर से शुरू होने वाली वनडे सीरीज भी उसी जगह पर खेली जाएगी, जबकि बाकी 2 मैच 17 और 19 नवंबर को पल्लाकेले में खेले जाएंगे।

बता दें कि श्रीलंका बनाम न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि न्यूजीलैंड अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी कर रहा है।

## डीसीएम की टक्कर से ऑटो सवार 10 लोगों की दर्दनाक मौत



हरदोई। यूपी के हरदोई जिले में बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। हादसे में 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस राहत और बचाव कार्य में लगी है।

कटरा बिल्हौर हाइवे पर रोशनपुर के पास ऑटो और डीसीएम की टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो सवार 10 लोगों की मौत हो गई। इनमें छह महिला, एक पुरुष, एक किशोरी समेत दो बच्चे शामिल हैं। हादसे के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन भी पहुंचे हैं। अभी तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

जिले में हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। मल्लावां क्षेत्र में सोमवार की रात तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने से एक की मौत हो गई, जबकि कार सवार प्रधान के पति समेत चार घायल हो गए। वहीं, कोतवाली देहात और बघौली थाना क्षेत्र में सोमवार शाम हुए हादसे में किसान समेत दो लोगों की मौत हो गई। मल्लावां के ग्राम सुमेरपुर के मजरा महनेपुर के नरेंद्र की पत्नी ग्राम प्रधान हैं। नरेंद्र का बेटा विवेक राजस्थान के सीकर में रहकर पढ़ाई करता है। दीपावली पर वह घर आया था। सोमवार को नरेंद्र अपने बेटे को छोड़ने गए थे। उनके साथ छोटा बेटा अमित व गांव के कुन्हालाल, कल्याण सिंह,रामचंद्र ,छेदीलाल भी थे। सीकर से लौटते समय कार नरेंद्र खुद चला रहे थे। सोमवार की रात मल्लावां -मेहंदीघाट मार्ग पर शुक्लापुर के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें कुन्हालाल की मौत हो गई। जबकि अन्य लोग घायल हो गए। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए।

## आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी 24-25 नवंबर को

**सऊदी अरब में होगी नीलामी**

नई दिल्ली। आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी को सऊदी अरब के जेद्दाह में 24-25 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम दो दिनों तक चलेगा। यह दूसरा साल है जब आईपीएल की नीलामी विदेश में हो रही है, लेकिन इस बार यह आयोजन पर्थ में चल रहे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफ़ी के पहले टेस्ट के तीसरे और चौथे दिन के साथ टकरा रहा है। आईपीएल की मेगा नीलामी को काफ़ी दर्शक देखते हैं क्योंकि इसमें 10 आईपीएल फ्रेंचाइजी अगले तीन वर्षों (2025-27) के लिए अपनी टीम तैयार करेंगी।

हाल ही में सभी फ्रेंचाइजी ने कुल मिलाकर 46 खिलाड़ियों को रिटेन किया था, जिसमें दक्षिण अफ़्रीका के विकेटकीपर-ऑलराउंडर हेनरिक क्लासेन को सबसे महंगे रिटेंशन के रूप में शामिल किया गया है। सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें 23 करोड़ रुपये में अपनी टीम में रिटेन किया है। भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर) और वेस्टइंडीज़ के विकेटकीपर-बल्लेबाज़ निकोलस पूरन (लखनऊ सुपर जायंट्स) 21 करोड़ रुपये की राशि के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे महंगे रिटेंशन रहे।आईपीएल 2025 के लिए प्लेयर रजिस्ट्रेशन 4 नवंबर 2024 को समाप्त हुआ, जिसमें कुल 1,574 खिलाड़ियों (1,165 भारतीय और 409 विदेशी) ने नीलामी में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण किया है। रजिस्ट्रेशन किए गए खिलाड़ियों में 320 कैप्ड खिलाड़ी, 1,224 अनकैप्ड खिलाड़ी, और 30 एसोसिएट नेशंस के खिलाड़ी शामिल हैं। दो दिवसीय नीलामी में राजस्थान रॉयल्स के पास 41 करोड़ का सबसे छोटा बजट होगा क्योंकि राजस्थान की टीम उन दो टीमों में से एक थी जिन्होंने अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है। मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने भी अपने मुख्य समूह के छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है, लेकिन उनके पास 51 करोड़ का बजट होगा क्योंकि उनके रिटेंशनों में दो अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हैं।

## टी-20 सीरीज के लिए जोश इंग्लिश बने ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान



नईदिल्ली। विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिश को पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम का अंतरिम टी-20 कप्तान बनाया गया है।यह फैसला मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड की अनुपलब्धता के कारण लिया गया है। टी-20 की अपनी जिम्मेदारियों के अलावा इंग्लिश पर्थ में होने वाले तीसरे वनडे में भी कप्तानी करेंगे, जिसमें पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ और जोश हेजलवुड नहीं खेलेंगे।पूरी खबर पर नजर डालते हैं।

इंग्लिश क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के 14वें होंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (ष्ट) द्वारा चयनकर्ताओं की सिफारिश को मंजूरी दिए जाने के बाद वह वनडे में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करने वाले 30वें कप्तान होंगे।नियमित टी-20 कप्तान मार्श और उपकप्तान हेड, जिन्होंने पिछले महीने इंग्लैंड में 1 मैच के दौरान मार्श की जगह ली थी।वह पितृत्व अवकाश और टेस्ट की तैयारी के कारण सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे के लिए कमिंस, स्मिथ, हेजलवुड, मिचेल स्टार्क और मार्नस लाबुशेन सहित कई प्रमुख खिलाड़ी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए अनुपस्थित रहेंगे।

## टेक्सटाइल में चीन सहित दूसरे देशों को मात देगा उत्तर प्रदेश

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने के प्रयासों में एमएसएमई सेक्टर मजबूत साझेदारी निभा रहा है। सीएम योगी के विजन के अनुरूप प्रदेश को टेक्सटाइल हब बनाने के लिए 11 नए निजी टेक्सटाइल पार्क गोरखपुर, मऊ, भदोही, अलीगढ़, बागपत और शामली आदि जिलों में बनाए जाएंगे। इससे चीन सहित अन्य देशों या दूसरे प्रदेशों से यूपी को रॉ-मटेरियल आदि नहीं मंगाने पड़ेंगे।

प्रदेश में पहली बार एमएसएमई विभाग की ओर से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेक्सटाइल सेक्टर को मजबूत करने के लिए विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इसी के तहत शामली जिले में 726 करोड़ की लागत से प्रदेश का पहला निजी टेक्सटाइल पार्क स्थापित किया जाएगा। इससे दूसरे देशों या प्रदेशों से रॉ-मटेरियल नहीं मंगाना पड़ेगा, स्किल डेवलपमेंट से लेकर विभिन्न सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। प्रमुख सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग आलोक कुमार ने बताया कि प्रदेश में 11 निजी टेक्सटाइल पार्क की स्थापना से रॉ-मटेरियल से लेकर विभिन्न वस्त्र आदि बनाए जाएंगे। इससे किसी अन्य प्रदेश या चीन आदि देशों से रॉ-मटेरियल मंगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

## डेविड वार्नर लगे प्रतिबंध हटाये गये, वार्नर क्रिस ग्रीन की जगह लेंगे

**नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज डेविड वार्नर पर लगे आजीवन कप्तानी का प्रतिबंध कुछ दिन पहले हटाया गया था।अब यह खिलाड़ी बिग बैश लीग में सिडनी थंडर टीम का कप्तान बनाया गया है।**



वार्नर क्रिस ग्रीन की जगह लेंगे।3 सदस्यीय स्वतंत्र पैनल के समक्ष उन्होंने अपनी कप्तानी का मामला रखा था। इस पैनल ने प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया था।ऐसे में आइए पूरी खबर पर नजर डालते हैं।

कप्तान बनाए जाने के बाद वार्नर ने कहा, इस सीजन फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं शुरू से ही टीम का हिस्सा था और अब अपने नाम के आगे कप्तान के साथ वापस आना शानदार लगता है। मैं आगे बढ़कर नेतृत्व करने और आने वाली युवा प्रतिभाओं के साथ अपना अनुभव साझा करने के लिए उत्सुक हूं। मैं ग्रीन के नेतृत्व की सराहना करता हूं। वह शानदार नेतृत्व क्षमता वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं।

**धनखड़ ने 37 विभूतियों व चार संस्थाओं को किया सम्मानित**

पालन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए श्रीमती बिलासाबाई केंवटीन मत्स्य विकास पुरस्कार विनोद दास को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रदान किया ।

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आदिवासियों की सेवा और उत्थान के क्षेत्र में दिया जाने वाला भंवर सिंह पोर्ते सम्मान सोनऊ राम नेताम को प्रदान किया गया। श्रम विभाग द्वारा श्रम के क्षेत्र में महाराजा रामानुज प्रताप सिंहदेव पुरस्कार संयुक्त रूप से सुरेन्द्र कुमार राठौर, शोभा सिंह एवं ललित कुमार नायक को प्रदान किया जाएगा। गृह (पुलिस) विभाग द्वारा अपराध अनुसंधान क्षेत्र में पंडित लखन लाल मिश्र सम्मान रामनरेश यादव, ग्रामोद्योग विभाग द्वारा बुनकर क्षेत्र में बिसाहूदास महंत पुरस्कार संयुक्त रूप से पन्नालाल देवांगन और बहोरी लाल देवांगन को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने प्रदाय किया। ग्रामोद्योग विभाग द्वारा बुनकर के क्षेत्र में राजराजेश्वरी करूणामाता हाथकरघा प्रोत्साहन पुरस्कार संयुक्त रूप से सत्यनारायण देवांगन एवं अरूण मेहर को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड ने प्रदान किया।

संस्कृति विभाग द्वारा प्रदर्शनकारी लोककला क्षेत्र में देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार भगत गुलेरी, संस्कृति विभाग द्वारा लोक शैली पंथी नृत्य प्रदर्शनकारी कला क्षेत्र में देवदास स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार साधे लाल रात्रे, संस्कृति विभाग द्वारा हिन्दी-छत्तीसगढ़ी सिनेमा में रचनात्मक लेखन, निर्देशन, अभिनय, पटकथा, निर्माण के क्षेत्र में किशोर साहू सम्मान प्रकाश अवस्थी, संस्कृति विभाग द्वारा ही हिन्दी-छत्तीसगढ़ी सिनेमा में निर्देशन के लिए दिया जाने वाला किशोर साहू राष्ट्रीय अलंकरण सतीश जैन को प्रदान किया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा तथा शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए धनवन्तरि सम्मान डॉ. मनोहर लाल लहेजा को प्रदान किया गया । विधि एवं विधायी विभाग द्वारा विधि के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल सम्मान संयुक्त रूप से श्री सुरेन्द्र तिवारी और प्रकाश चंद्र पंत को, संस्कृति विभाग द्वारा देश के बाहर सामाजिक कल्याण, मानव संसाधन विकास, कला, साहित्य अथवा आर्थिक योगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए छत्तीसगढ अप्रवासी भारतीय सम्मान आनंद कुमार पांडे, संस्कृति विभाग द्वारा साहित्य, आंचलिक साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए लाला जगदलपुरी साहित्य पुरस्कार डॉ. पीसी लाल यादव को प्रदान उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड ने प्रदान किया। जनसंपर्क विभाग द्वारा पत्रकरिता प्रिंट मीडिया हिन्दी के क्षेत्र में चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार भोलाराम सिन्हा, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (हिन्दी) के क्षेत्र में मोहन तिवारी, जनसपंर्क विभाग द्वारा प्रिंट मीडिया (अंग्रेजी) के क्षेत्र में मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार मुकेश एस. सिंह, जनसंपर्क विभाग द्वारा ही रचनात्मक लेखन और हिन्दी भाषा क्षेत्र में प्रदाय किए जाने वाले पंडित माधवराव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान अतुल जैन को उप राष्ट्रपति श्री धनखड ने प्रदान किया।

## प्रथम पेज का शेष

**डोनाल्ड ट्रंप दोबारा अमेरिका के राष्ट्रपति बन गए...**

असर अमेरिका की व्यापार नीतियों, पर्यावरण सुधार की नीतियों और यूक्रेन युद्ध पर होने के आसार हैं। चीन के साथ अमेरिका का व्यापार युद्ध एक बार फिर शुरू हो सकता है। अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाने की भी ट्रंप ने घोषणा की है।

**खास अंदाज वाले डोनाल्ड ट्रंप**

पोर्न स्टार को चुप रहने के लिए धन देने के मामले में दोषी ठहराए जाने, प्रचार के दौरान जुलाई में कान को घायल करती हुई गोली के हमले और उसके बाद सितंबर में फ्लोरिडा में गोल्फ कोर्स में हत्या का षड्यंत्र सामने आने के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में वापसी के अपने लक्ष्य से बिल्कुल भी समझौता नहीं किया।

**ट्रंप और हैरिस में दिखी कांटे की टक्कर**

उन्होंने अपने अंदाज में पहले राष्ट्रपति जो बाइडन पर सीधे हमले किए और उसके बाद डेमोक्रेटिक की ओर प्रत्याशी बनाई गई उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को भी व्यक्तिगत हमलों से नहीं बख्शा। प्रचार के दौरान सर्वे में हैरिस कई बार नजदीक आती और बढ़त लेती प्रतीत हुई लेकिन ट्रंप ने उसकी परवाह नहीं की.. सभी पूर्वानुमानों को अपने चिर-परिचित अंदाज में फर्जी करार दिया। मतदान से ठीक पहले तो ट्रंप ने 2020 का चुनाव हारने के बाद खुद के व्हाइट हाउस छोड़ने को भी गलत बता दिया। कहा, उन्हें नहीं छोड़ना चाहिए था।

**डॉक्टरों का सामूहिक इस्तीफा:**

करने के लिए अधिकृत नहीं है। इसे ऊपर भेजा जाएगा और शासन से जो भी दिशा निर्देश दिए जाएंगे, उसके आधार पर कार्य किया जाएगा। इस इस्तीफे का मुख्य कारण निजी जगहों पर प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं दी जा रही है, उसके कारण ही यह नाराजगी देखी जा रही है। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में इस्तीफा देने से मेडिकल कॉलेज की शैक्षणिक मान्यता पर भी प्रभाव पड़ेगा।

डॉक्टरों की मांगों को किया जाएगा पूरा-विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह इस मामले को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि, सीएमएचओ और कलेक्टर सहित सभी उच्च अधिकारियों से बातचीत की गई है। अभी डॉक्टर ने इस्तीफा देने की मंशा जाहिर की है इस मामले में उनसे बातचीत की जा रही है। उनकी जो छोटी-मोटी मांगे हैं जो तत्काल यहां पूरी हो सकती है उन्हें पूरा किया जाएगा।

**महिलाओं को 3000 रुपये, जाति जनगणना.....**

संविधान को खत्म करना चाहते हैं। लेकिन ये बात वो सामने से नहीं कहते हैं, क्योंकि खुलकर बोलेंगे तो पूरा देश उनके सामने खड़ा हो जाएगा।

कांग्रेस नेता ने कहा, 'हिंदुस्तान की संस्थाएं हैं, ब्यूरोक्रेसी है, शिक्षा का सिस्टम है, स्वास्थ्य का सिस्टम है। लेकिन संविधान में कहीं नहीं लिखा कि एक पार्टी और एक विचारधारा को अपने लोग हिंदुस्तान की हर संस्था में डालने हैं। आज देश की यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर की लिस्ट देखेंगे तो उसमें आपको मेरिट नहीं दिखाई देगी। क्योंकि क्वालिफिकेशन सिर्फ आरएसएस की सदस्यता है। अगर आपको वाइस चांसलर बनना है तो आरएसएस की सदस्यता लेनी होगी। महाराष्ट्र में जैसे ही हमारी सरकार आएगी, हम जातिगत जनगणना कराएंगे।

धारावी पुनर्विकास परियोजना अडानी समूह को देने पर राहुल गांधी ने कहा, पूरा महाराष्ट्र जानता है कि धारावी की एक लाख करोड़ रुपए की जमीन आपसे छीनकर एक अरबपति को दी जा रही है। महाराष्ट्र के सारे बड़े प्रोजेक्टस यहां से बाहर जा रहे हैं, जिनसे लाखों युवाओं को रोजगार मिल सकता था।÷

बता दें कि महाराष्ट्र में 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा और नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। सत्ता के लिए मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ महायुति और एमवीए के बीच है। एमवीए में कांग्रेस, उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं। जबकि महायुति गठबंधन में बीजेपी, शिवसेना (एकनाथ शिवसेना) और एनसीपी (अजित पवार) है। एमवीए के सभी दल इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। पिछले कुछ चुनावों से कांग्रेस अपने घोषणापत्र को 'गारंटी' के तौर पर पेश कर रही है।

**सचिन पायलट ने कानून व्यवस्था पर उठाये सवाल..........**

गौ माता, भगवान राम के नाम पर वोट मांगती है। धर्म और गौ माता के आड़ में वोट मांगने की आदत बीजेपी की है। सचिन पायलट ने कहा कि बीजेपी को अपने परफॉर्मेंस के आधार पर वोट मांगनी चाहिये।लेकिन जब चुनाव आते हैं तब ऐसे मुद्दों को उजागर करने का काम करते हैं।

## 2024-25 में खरीफ खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 1,647 लाख टन रहने का अनुमान

नई दिल्ली । पहले अग्रिम अनुमानों के मुताबिक भारत का कुल खरीफ खाद्यान्न उत्पादन वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 1,647.05 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) रह सकता है। यह पिछले वर्ष के आंकड़े से 89.37 एलएमटी और खरीफ खाद्यान्न के औसत उत्पादन से 124.59 एलएमटी अधिक है। यह जानकारी कृषि मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी किए गए आंकड़ों से मिली। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि चावल, ज्वार और मक्का के अच्छे उत्पादन के कारण खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि देखी गई है।

2024-25 के दौरान खरीफ चावल का कुल उत्पादन 1,199.34 एलएमटी होने का अनुमान है जो पिछले वर्ष के खरीफ चावल उत्पादन से 66.75 एलएमटी अधिक है और औसत खरीफ चावल उत्पादन से 114.83 एलएमटी अधिक है।

खरीफ मक्के का उत्पादन 245.41 एलएमटी और खरीफ पोषक या मोटे अनाज का उत्पादन 378.18 एलएमटी होने का अनुमान है। 2024-25 के दौरान कुल खरीफ दलहन उत्पादन 69.54 एलएमटी होने का अनुमान है, जबकि 2024-25 के दौरान देश में कुल खरीफ तिलहन उत्पादन 257.45 एलएमटी होने का अनुमान है जो पिछले वर्ष की तुलना में 15.83 एलएमटी अधिक है।

# खैरागढ़ में राज्योत्सव का आयोजन : छग को सन् 2047 तक विकसित राज्य बनायेंगे- गुरु खुशवंत साहेब

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 24वें वर्षगांठ पर खैरागढ़ में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन राजा फतेह सिंह मैदान में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गुरु खुशवंत साहेब, उपाध्यक्ष, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ एवं विधायक आरंग का आगमन रात 8 बजे राज्योत्सव स्थल पर हुआ। उनके करकमलों से छत्तीसगढ़ महतारी और मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर राज्योत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर अध्यक्षता विधायक खैरागढ़ यशोदा निलांबर वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सभापति घम्मन साहू, पूर्व संसदीय सचिव कोमल जंघेल, जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू,जनपद अध्यक्ष छुईखदान नीना विनोद ताम्रकार, नगरपालिका खैरागढ़ अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, छुईखदान नगर पंचायत पार्तिका संजय महोबिया, कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, नागरिकगण, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपथित थे।

मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब ने उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना में भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के योगदान की सराहना की, साथ ही उन्होंने राज्य स्थापना के बाद राज्य में हुए विकास के बारे में विस्तार से बताया। राज्य स्थापना के बाद कई विकास कार्य हुए हैं तथा कई कीर्तिमान भी स्थापित हुए हैं। एम्स, आईआईटी, आईआईएम, आईआईआईटी सहित कई राष्ट्रीय स्तर के संस्थान स्थापित हुए हैं। उन्होंने खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला को विकसित करने के क्रम राज्य शासन की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने अंत में खुशहाल छत्तीसगढ़ हेतु आयोजित राज्योत्सव के लिए आमजन को बधाई दी। गुरु खुशवंत साहेब और अन्य अतिथिगण के द्वारा विभागीय स्टाल का अवलोकन कर विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी की प्रशंसा की। साथ ही स्टाल के माध्यम से लगाए गए प्रदर्शनी का लाभ आमजन को मिले इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। गुरु खुशवंत साहेब के करकमलों से राज्योत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले एवं अन्य अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया।

राज्योत्सव की अध्यक्षता कर रहे खैरागढ़ के



मुख्य अतिथि के रूप में आरंग विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित थे,
राज्योत्सव के आयोजन में जनप्रतिनिधिगण, नागरिकगण, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे,

विधायक यशोदा निलांबर वर्मा ने अपने संबोधन में सभी को राज्य स्थापना की बधाई देते हुए खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिला के विकास के लिए मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से अधिक से अधिक विकास कार्य कराए जाने का आग्रह किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने राज्योत्सव की बधाई देते हुए राज्य स्थापना के बाद हुए विकास कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने के साथ नवगठित जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए भरसक प्रयास करने पर जोर दिया। राज्योत्सव के अवसर पर जिला कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने प्रशासकीय प्रतिवेदन अंर्तगत राज्य के साथ साथ जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई के प्रमुख विशेषताओं के बारे में बताया। उन्होंने जिला को सुव्यवस्थित रूप से विकसित करने की परिकल्पना प्रस्तुत की। उन्होंने विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए गए स्टाल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जानकारी दी।

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में फतेह सिंह मैदान में राज्योत्सव हेतु मंच, बैठक व्यवस्था, रंगोली, स्टाल, गढ़ कलेवा जैसे विभिन्न चीजों की तैयारी की गई थी। इंदिरा कला संगीत विश्विद्यालय, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उद्यान, कृषि, पशुपालन, मत्स्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा आकर्षक विभागीय स्टाल लगाया गया था को आकर्षण के केंद्र थे। पूरे दिन भर स्टाल में लोगों की भीड़ लगी थी। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन में पार्किंग, ट्रैफिक एवं सुरक्षा बल की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी।

राज्योत्सव का आरंभ दोपहर 12 बजे जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, जिला पंचायत सभापति घम्मन साहू, नगरपालिका खैरागढ़ अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर की उपस्थिति में हुआ। उसके पश्चात स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा लोक परम्परा पर आधारित रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। दोपहर तीन बजे महाविद्यालय के छात्रों के द्वारा मनमोहक लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। शाम को स्थानीय कलाकारों के द्वारा कर्मा एवं सुआ नृत्य की प्रस्तुति ने राज्योत्सव स्थल में लोगों को बांधकर रखा।

लोग स्टाल देखने के साथ साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति का आनंद लिए। मुख्य अतिथि के आगमन पश्चात बैगा नाचा, कर्मा नृत्य, गीतों की महफिल की प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों के द्वारा दी गई। इंदिरा कला संगीत विश्विद्यालय के विद्यार्थियों ने गजल, सुगम संगीत एवं सरहुल नृत्य की प्रस्तुति दी। इस प्रकार खैरागढ़ में अपने नाम के अनुरूप संगीत और कला की नगरी का परिचय देते हुए राज्योत्सव दिवस पर पूरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला की प्रस्तुति दी गई।

## छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति अनावरण में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह होंगे मुख्य अतिथि



ठेलकाडीह (दावा)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत महरूमखुर्द में छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति अनावरण का कार्यक्रम 7 नवंबर को रखा गया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि राजनांदगांव पूर्व सांसद अभिषेक सिंह होंगे। अध्यक्षता जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव अध्यक्ष सचिन बघेल करेंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक भुवनेश्वर शोभाराम बघेल, अशोक देवांगन, प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी, अमीन खान अंजुम अल्वी, जागेश्वर साहू, प्रखर श्रीवास्तव नोमेश वर्मा, परदेसी सोनबोईर, नरेंद्र वर्मा सहित सरपंच इंदु वर्मा, उप सरपंच नूतन वर्मा सचिन ज्योति सिंग व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे द्य महरूमखुर्द सरपंच प्रतिनिधि नीलू वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 24 वर्ष के शुभ अवसर पर गांव में 7 फीट छत्तीसगढ़ महतारी का मूर्ति स्थापित होगी। उक्त कार्यक्रम दोपहर 3:00 बजे प्रारंभ होगा।

## एन एन एस विद्यार्थियों ने किया एकता के सूत्रधार लौह पुरुष सरदार पटेल का स्मरण



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कॉन्फ्लुएंस कॉलेज द्वारा भारत की एकता के सूत्रधार कहे जाने वाले लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। एकता के प्रतिक पटेल जी को स्मरण करते हुए शपथ एवं विशाल रन फॉर यूनिटी के साथ रैली आयोजित की गई। प्रो. विजय मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने बताया कि पटेल साहब ने 500 से अधिक रियासतों को भारतीय संघ में मिलाने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्वतंत्रता संग्राम में सरदार पटेल का दृढ़ संकल्प और नेतृत्व अद्वितीय था आज भी देश के लिए प्रेरणादायक है। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि महाविद्यालय की एनएसएस विद्यार्थियों ने युवा प्रेरणा स्रोत सरदार पटेल को स्मरण करते हुए शानदार रंगोली बनाए, पोस्टर बनाकर देश के प्रति उनके योगदान को युवाओं तक पहुंचाए।

भारत के एक महान स्वतंत्रता सेनानी, अधिवक्ता, विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा ना हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो और यही उपलब्धि पटेल साहब की लोकप्रियता की आधारशिला बनी। आज का आयोजन युवाओं में उनके साहस, दूरदर्शिता और निर्णय निर्माण, क्षमता को युवा शक्ति और प्रेरणा बनाने में सहयोग प्रदान करेगी। ऐसे महान व्यक्तित्व को स्मरण करने में देश के प्रति देशभक्ति का भाव जागृत करने में सहायता मिलेगी रैली में गगनचुंबी नारों के साथ देश के दूरदर्शिता रहे पटेल साहब को स्मरण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा छात्रों को शपथ दिलवाया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभागअध्यक्ष प्रीति इंदौर कर एवं बीएड के शिक्षक राधेलाल देवांगन और श्रीवास्तव मैडम की उपस्थिति रही।

## तुमड़ीबोड़ मचानपार में जलजीवन मिशन का काम अधूरा पड़ा

राजनांदगांव (दावा)। तुमडीबोड़ ग्राम मचानपार में जलजीवन मिशन का काम अधुरा पड़ा है चुकी ग्रामीणों को पेयजल की समस्या हो रहा हैं पीएचई विभाग में जानकारी के अनुसार 15 मार्च को नवीन गज भैया को जलजीवन हेतु मिशन हर घरों में पानी पहुंचकर देने की बात कही लेकिन आजतक प्रयंतः पानी हितग्राही को नही मिल पा रहा हैं इसके शिकायत पीएचई विभाग को दिया गया है चुकी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुआ है अतः तुमडीबोड ग्राम मचानपार में जलजीवन मिशन का काम अधुरा पड़ा है चुकी ग्रामीणों को पेयजल की समस्या हो रहा हैं पीएचई विभाग में जानकारी के अनुसार 15 मार्च को जलजीवन हेतु मिशन हर घरों में पानी पहुंचकर देने की बात कही लेकिन आजतक प्रयंतः पानी हितग्राही को नही मिल पा रहा हैं इसके शिकायत पीएचई विभाग को दिया गया है चुकी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुआ है अतः कलेक्टर संजय अग्रवाल से आग्रह है कि विभाग को दिशा निर्देश देने की मांग की। कलेक्टर से आग्रह है कि इसी तरह से कार्य चलता रहा तो आम जनता की समस्या से जूझ रहा नेता घोषणा पे घोषणा करते रहेंगे लेकिन अब तक उस बिल्डर को चेतावनी दी गई हैं जिसमें वह उस पर काम करने वाला बिल्डर पर कोई निर्माण कार्य चालू नहीं किया गया है जिसका टेंडर की समय सीमा कि अवदी से अधिक हो गया है इसके बाद भी विभाग हाथ में हाथ धरे बैठ गया है।

## हाईकोर्ट ने अवैध रेत उत्खनन पर जताई कड़ी नाराजगी

बिलासपुर। हाईकोर्ट ने बिलासपुर में अवैध रेत उत्खनन के मामले को गंभीर माना है. कोर्ट ने अरपा नदी में हो रहे अवैध उत्खनन पर कड़ी नाराजगी भी जाहिर की है. रेत के अवैध उत्खनन को लेकर लगी याचिका पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डबल बैंच में बुधवार को सुनवाई हुई. इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कैसे पर्यावरण का संरक्षण हो पाएगा जब पर्यावरण की धज्जियां उड़ाई जा रही है.



**खनिज विभाग से मांगा जवाब**

उन्होंने कहा की विभाग आंखें बंद कर बैठा हुआ है. वहीं इस मामले में खनिज विभाग के सचिव से शपथपत्र में जवाब भी तलब किया है. उन्होंने बेहद स्पष्ट और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि शपथ पत्र में यह स्पष्ट करें कि अवैध उत्खनन से व्यक्तिगत कार्रवाई और संबंधित व्यक्ति पर जुर्माना की क्या कार्रवाई की गई है?

दरअसल, अरपा अर्पण महा अभियान समिति और अन्य याचिका पर लगातार सुनवाई चल रही है. अरपा अर्पण महाअभियान के वकील अंकित पांडे ने 1 जनवरी 2024 से लेकर 7 सितंबर 2024 तक की खबर का कवरिंग मेमो डीबी के सामने पेश किया. वहीं चीफ जस्टिस की डबल बेंच ने भी लोखंडी में अवैध उत्खनन की खबर पर संज्ञान लिया. इस मामले में अगली सुनवाई 9 दिसंबर को होगी.

## जयसिंगटोला में हुआ देवारी दीपावली मड़ाई

कल्लूबंजारी (दावा)। गेंदाटोला समीपस्थ ग्राम पंचायत जयसिगटोला में सभी आस पास के गांवों में दीपावली गोवर्धन पर्व को मनाते हैं लेकिन राजनांदगांव जिले में वनांचल महाराष्ट्र सीमावर्ती छुरिया ब्लाक जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती हेमीन बिष्णु साहू जी उपसरपंच सुधीर चंद्रवंशी के गृह ग्राम पंचायत जयसिगटोला में सोमवार को सुरुती पूजा पर्व के साथ मंगलवार को देवारी गोवर्धन पूजा पाठ कर बड़े धूमधाम से ग्राम वासियों ने अपनी छत्तीसगढ़ प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत मां शीतला मंदिर प्रांगण से लाल, काला, सफेद रंग की माता कि ध्वजा फटका के साथ राऊत नाचते.गाते दोहे और उसके साथ लोगों ने बाजे गाजे में भारी जोश के नाचते-गाते हर्ष उल्लास के साथ गोवर्धन खुंदाया और ग्रामीण इलाकों से आए लोगों कि लिए रात्रि कालीन मनोरंजन छत्तीसगढ़ की लोकप्रिय गायिका अल्का चंद्राकर की प्रस्तुति सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किया गया है जिसमें समस्त आस पास रहने वाले लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आने कि उम्मीद करते हैं आयोजन समस्त ग्राम वासियों सहित।

## हाईस्कूल टटेंगा में न्योता भोज आयोजित



**हरदी (दावा)। प्राथमिक माध्यमिक व हाईस्कूल टटेंगा के छात्र-छात्राओं को हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य आर.के. देवांगन ने धार्मिक तीर्थ यात्रा सफल होने एवं अपने सुपौत्र अध्यांश देवांगन, सुपौत्री अनविशा देवांगन की तृतीय जन्म दिवस की खुशी के अवसर पर न्योता भोज कराया गया जिसमें बच्चों को चावल, दाल, सब्जी, खीर पुरी, पापड़ दिया गया।**

न्योता भोज में माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक मोहन माला, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक लिखन सरपा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर उर्वशा एवं शाला के समस्त स्टाफ की उपस्थिति में न्योता भोज संपन्न हुआ। प्राचार्य आरके देवांगन को बधाई देते हुए शाला परिवार ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## राजयोग मेडिटेशन से मिलता है शुद्ध वायब्रेशन - रजनी बहनजी

राजनांदगांव (दावा)। सुप्रीम पावर से कनेक्शन जोड़ने की कला राजयोग मेडिटेशन से बहुत शुद्ध वायब्रेशन मिलता है इसलिए जापान के लोग राजयोग मेडिटेशन को बहुत पसंद करते हैं। जापान में दूसरे विश्व युद्ध के समय हिरोशिमा और नागासाकी में बम से बर्बादी के बाद वहां दुःख और अशान्ति के बीच जब वहां के लोग ब्रह्माकुमारीज के संपर्क में आते हैं तो उन्हें यह राजयोग मेडिटेशन बहुत पसंद आता है क्योंकि इसमें परिवार के प्यार की भासना है।

वैसे तो जापान बहुत अच्छा देश है वहाँ लोग बहुत अच्छे हैं, ईमानदार हैं, वह एकता और सदभावना पसंद करते हैं जापान के लोग बहुत मेहनती हैं विज्ञान



की टेक्नोलॉजी बहुत विकसित है पर सच्ची सुख शांति की प्राप्ति के लिए राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करना पसंद करते हैं जिसमें सुप्रीम पावर से दिल खोलकर बात करते हैं, न केवल जापान बल्कि विश्व के सभी देशों में राजयोग मेडिटेशन आत्म कल्याण के लिये बहुत ही सशक्त माध्यम है उपरोक्त विचार जापान एवं फिलिपींस में ब्रह्माकुमारीज की निर्देशिका ब्रह्माकुमारी रजनी बहन ने व्यक्त किया 04 नवंबर सोमवार को राजनांदगांव आगमन पर संस्कारधानी में उनका भव्य स्वागत किया गया।

ब्रह्माकुमारीज के गोकुल नगर के आगे, बिजली सबस्टेशन के पास 'ज्ञान मानसरोवर' में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्रह्माकुमारी रजनी बहनजी के आगमन पर दीपावली का पर्व एवं भाई दूज भी मनाया गया जिसमें आये हुये समस्त भाई बहनों को भाई दूज का तिलक लगाया गया। यह दृश्य देखकर ब्रह्माकुमारी रजनी बहनजी ने कहा कि भारत में तो दीपावली का त्यौहार बहुत धूमधाम से मनाते हैं। एयरपोर्ट में और विभिन्न स्थानों पर बहुत सजावट की जाती है। पर विदेशों में ऐसा नहीं होता उन्होंने कहा कि अभी हमें आंतरिक खुशी में रहना है और तपस्या के मार्ग पर निरन्तर चलते हुये अपने जीवन को सफल करना है।

इस अवसर पर संस्था के इंदौर जोन की निर्देशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता बहन जी ने कहा कि रजनी बहनजी बहुत हिम्मत वाली हैं जो विदेश में रहकर सेवा कर रही हैं। संस्कारधानी राजनांदगांव की ओर से समाजसेवी बहन शारदा तिवारी, डॉ. साधना तिवारी, श्रीमती किरण अग्रवाल, श्रीमती शोभा जैन ने रजनी बहन जी एवं हेमलता बहन जी का शाल एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन कर सम्मान किया। स्थानीय सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने स्वागत भाषण किया। नन्ही बालिका नूपुर द्विवेदी ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया एवं ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने सरस मंच संचालन किया। इस अवसर पर राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं कबीरधाम जिले के हजारों भाई बहने उपस्थित थे।

# राज्योत्सव में कृषि विभाग द्वारा कृषक पाठशाला एवं जिला स्तरीय किसान मेला का किया गया आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के पद्मश्री गोविन्दराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में राज्योत्सव के अवसर पर कृषि विभाग द्वारा कृषक पाठशाला एवं जिला स्तरीय किसान मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्गेनिक फूड प्लाजा जैविक उत्पाद प्रदर्शनी सह विक्रय केन्द्र का स्टॉल विशेष रहा। कृषि विभाग के आर्गेनिक फूड प्लाजा में लोगों ने लघु धान्य फसलों से बने रागी इडली, कोदो खीर, बाजरे का लड्डू एवं अन्य व्यंजनों का आनंद लिया।

फूड प्लाजा में व्यंजन रागी एवं कोदो की इडली, खीर, रागी लड्डू, सेव, चकली, भाकरबड़ी, चलोनी, भाखरबड़ी मुर्कु, सीताफल व जामुन के आईसक्रीम, बेल, अंबाड़ी की हर्बल शरबत उपलब्ध रहे। इस अवसर पर कृषकों को लघु धान्य फसल में कोदो, कुटकी, रागी तथा धान की अन्य सुगंधित किस्में जवा फुल, दुबराज, बौना दुबराज, काला नमक किरण धान, जीरा फूल, विष्णुभोग, जवा फुल, बासमती धान, श्यामलाल धान, बादशाह भोग, ब्लेक राईस, लौंग फुल सुगंधित, राम जीरा, कुबरी मोहर, सुगंधित पार्वती चिन्नौर, अम्बे मोहर, सुगंधित तिल कस्तुरी, राधा तिलक, राम लक्ष्मण (जुड़वा चावल), दुधेर साल, केरा फुल, परी, गंगा बाली, गौरी माला, एंजल 1307, काली कोयली, कोथाम्बरी, कबीर साल, गरीब साल, गठूवन, सुगंधित बासरे के संबंध में जानकारी दी गई और प्रदर्शित भी किया गया। इसके साथ ही किसानों को कोदो कुटकी से बने विभिन्न व्यंजन कोदो की खीर, रागी की इडली, बाजरे का लड्डू, सीताफल की आइसक्रीम बनाने की विधि बताई गई तथा किसानों ने इसका स्वाद लिया।

कृषक पाठशाला में उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय ने किसानों से बात की और उन्हें रबी फसल तथा धान के बदले कम पानी की आवश्यकता वाली फसल लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही कोदो आम चावल, कोदो दलिया, कुटकी खिचड़ी, कुटकी लड्डू, कुटकी चावल, कोदो कुटकी की इडली, रागी लड्डू, रागी का हलवा, रागी कांजी, रागी का पराठा जैसे अन्य व्यंजन बनाने की विधि बताई गई। किसानों को जैविक खेती, जैविक खेती के मुख्य घटक, जैविक खाद, जैव उर्वरक, मिट्टी परीक्षण, रबी फसलों की उत्पादन तकनीक के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उप संचालक कृषि नागेश्वर




- कृषकों को लघु धान्य फसल में कोदो, कुटकी, रागी तथा धान की अन्य सुगंधित किस्में जवा फुल, दुबराज के संबंध में दी गई जानकारी
- आर्गेनिक फूड प्लाजा रही लोगों की पसंदीदा जगह
- मिलेट्स के व्यंजन रहे खास
- व्यंजन रागी एवं कोदो की इडली, खीर, भाखरबड़ी मुर्कु, सीताफल जामुन के आईसक्रीम, बेल, अंबाड़ी की हर्बल शरबत रहे उपलब्ध

लाल पाण्डेय ने बताया कि राजनांदगांव जिले में कृषि विकास के साथ विपुल उत्पादन वाली फसलें एवं किस्मों की खेती का क्षेत्र विस्तार दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। विपुल उत्पादन वाली उन्नत एवं हाईब्रिड किस्मों के अधिक उपयोग से रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के उपयोग में वृद्धि हुई है, जिसका दुष्प्रभाव मानव पशुधन एवं अन्य जीव जन्तुओं पर हुआ है। भूमि की भौतिक एवं जैविक दशा निरंतर खराब होने से इसके सुधार हेतु एकमात्र उपाय जैविक खेती है। भोज्य श्रृंखला में विषाक्त तत्वों की वृद्धि से जीवनशैली से संबंधित मधुमेह, किडनी विकार, आस्टियोपोरोसिस कार्डियों वैस्कुलर, अल्सर एवं कैंसर जैसी घातक बीमारियों के मरीजों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई है। आधुनिक कृषि ने उत्पादकता एवं उत्पादन में वृद्धि के साथ पोषक तत्वों से भरपूर गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उत्पादन की दिशा में कृषकों को लाभान्वित करने हेतु जैविक खेती मिशन योजना संचालित है।

गौरतलब है कि जैविक खेती मिशन के अंतर्गत प्रचलित धान के स्थान पर कम जल एवं रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक एवं जेनेटिविली मोडीफाईड आर्गेनिज्म के उपयोग को हतोत्साहित करने की वैज्ञानिक पद्धतियों के संबंध में कृषकों को तकनीकी ज्ञान प्रदान किया जाता है। वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप, जैव उर्वरक, राईजोबियम, एजेटोबैक्टर, एजीस्प्रिलम, माईकोराईजा, पीएसबी, जेडएसबी एवं केएमबी जैसी जैविक खादों का उपयोग हानिकारक कीटनाशक, नींदानाशकों के स्थान पर जैविक विधियों से कृषि उत्पादन की तकनीक का कृषक प्रशिक्षण शैक्षणिक भ्रमण संगोष्ठी एवं किसान मेला के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाता है। निरोधक किस्मों का उपयोग, कृषिगत विधियां, जैविक कीटनाशकों का उपयोग करके कीटव्याधी नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी जाती है। आधुनिक जीवनशैली में रासायनयुक्त प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की खपत में दिन प्रतिदिन बढ़ोत्तरी हो रही है, जिसके फलस्वरूप जीवनशैली की बीमारियों का दुष्प्रभाव मानव जीवन को प्रभावित कर रहा है। प्रदर्शनी में कृषि, उद्यानिकी, वानिकी उत्पादों से निर्मित मिलेट बेस्ड प्रसंस्कृत उत्पाद खाद्य महिला कृषक अभिरूचि समूह (आत्मा) द्वारा विपणन श्रृंखला को अपनाकर आय सृजन के रूप में उद्यम विकास को प्रदर्शित किया गया। साथ ही बताया गया कि कृषि के क्षेत्र में स्थायी विकास हेतु जलसंरक्षण, जलसंवर्धन, प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण हितैषी गतिविधियों को अपनाना महती आवश्यकता है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि बिसेसर साहू, कोमल सिंह राजपूत, प्रगतिशील कृषक खेमलाल देवांगन, अलखराम चंद्राकर एवं बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालक श्रीमती सुषमा शुक्ला ने किया।

# डॉक्टरों का राज्य सरकार को केंद्र सरकार की तरह सैलरी व सुविधाएं देने की मांग, एक माह का दिया गया अल्टीमेटम

**मांगे नहीं मानी जाने पर डॉक्टर सामूहिक इस्तीफा देने होंगे बाध्य**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी कहीं जाने वाली नगरी में लगभग 20 डॉक्टरों का एक साथ मेडिकल कॉलेज हास्पीटल से इस्तीफा दिए जाने की खबर से पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया। जनहित का मामला देखते हुए इसे कांग्रेस ने लपक लिया और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर के राज्य सरकार के खिलाफ के माहौल तैयार करने में लग गए हैं। वैसे इसमें कोई बुराई नहीं है। वे अपना विपक्षी धर्म निभा रहे हैं। लेकिन यह मौका राज्य सरकार ने स्वयं ही उनके हाथों दिया।

बता दें कि सरकारी डाक्टरों के निजी प्रैक्टिस को लेकर राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नए नियम के तहत लगाए गए प्रतिबंध, डॉक्टरों के गले नहीं उतर रहा। और इसका विरोध करते हुए इस्तीफा देने के लिए उतारु हो रहे हैं। शासन के उक्त आदेश आने के बाद जिला चिकित्सालय के नवजात गहन चिकित्सा विभाग के डॉक्टर विक्रम वैद और मेडिकल कॉलेज हास्पीटल के एक एमडी मेडीसीन डॉ. कुमार सिंह मंडावी सहित एक और जूनियर डाक्टर ने सचमुच ही इस्तीफा देकर और डाक्टरों के लिए इस्तीफे का मार्ग प्रशस्त कर दिया है।

राजनांदगांव मेडिकल कालेज हास्पीटल के डेढ़ दर्जन से ज्यादा डाक्टरों के एक साथ इस्तीफे दिए जाने की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई और दुर्ग, रायपुर भिलाई सहित प्रदेश के अन्य हास्पीटलों में डॉक्टरों द्वारा इस्तीफा दिए जाने की भी खबर है। हालांकि कि प्रदेश में डॉक्टरों के इस्तीफे से चिकित्सा व्यवस्था प्रभावित न होने पाएं इसे देखते हुए शासन के निर्देश पर पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज हास्पीटल में राज्य सरकार के नियमों से असंतुष्ट डॉक्टरों की मिटिंग ली गई।

मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डीन डॉ. अतुल देशकर की उपस्थिति में हुई इस बैठक में नाराज डाक्टरों ने अपनी बातें रखीं और वेतन विसंगति के अलावा केंद्र सरकार की तरह डॉक्टरों को दी जाने वाली सैलरी व अन्य सुविधाएं राज्य सरकार द्वारा दिए जाने की मांग की गई। डाक्टरों का कहना है कि राज्य शासन के नए नियमों के अनुसार घरों में प्रसव, सर्जरी, और चिकित्सा संबंधी मशीनरी रखा जाना संभव नहीं है।

डॉक्टरों का कहना है कि हालांकि राज्य शासन अपने ड्यूटी अवर के पश्चात अपने घरों में निजी प्रैक्टिस करने की सुविधा को मान्य कर रही है। लेकिन चिकित्सीय आधुनिक मशीनरी के अभाव में निजी प्रैक्टिस कैसे किया जा सकता है, निजी प्रैक्टिस करने वाले डाक्टरों के घरों में प्रसव, सर्जरी की व्यवस्था और आधुनिक चिकित्सीय मशीनरी नहीं होने के अभाव में डॉक्टर को आखिर में मरीजों को संपूर्ण चिकित्सा सुविधा युक्त प्राइवेट नर्सिंग होम में भेजना ही पड़ेगा। इससे बजाय अपने घर में प्रैक्टिस करने वाले डाक्टरों के,प्राइवेट नर्सिंग होम वालों का ही फायदा है। या दूसरे अर्थो में यों कहना चाहिए सरकार स्वयं ही नए नियम बनाकर निजी क्लीनिक हास्पीटलों को फायदा पहुंचाना चाहती है। कुछ डाक्टर तो इसे शासन व बड़े क्लीनिक हास्पीटल वालों का सांठ-गांठ कहने से भी नहीं चूक रहे।

### डॉक्टरों का शासन को एक माह का अल्टीमेटम

मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डीन डॉ देशकर की मानें तो बुधवार को हुई बैठक में 20 डाक्टरों ने अल्टीमेटम दिया है कि एक माह के भीतर उनकी मांगे मानी जाए, नहीं तो वे सभी सामूहिक इस्तीफा देने बाध्य होंगे।

मिली जानकारी के अनुसार बैठक में डॉ. प्रकाश खूंटे, डॉ. चेतन साहू, डॉ. पवन जेठानी, डॉ. आशीष डुलानी, मेडीसीन विभाग के लक्की नेताम, डॉ. धनंजय ठाकुर, डॉ. अनिल चंद्रा चाइल्ड विभाग, डॉ. सीएस इंदौरिया ब्लड बैंक, डॉ. अनंत श्राफ, डॉ. रुबी साहू, डॉ. निकिता पारख, डॉ. ज्योति चौधरी (पैथालाजी) डॉ. भूआर्य, डॉ. मानस (आर्थोपेडिक) डॉ. समृद्धि, डॉ. राघव अग्रवाल, डॉ. सिद्धार्थ गुप्ता, डॉ. संकेत मिंज(स्कीन विभाग) डॉ. सिद्धि सैनिक (गायनिक विभाग) डॉ. अनिल कुमार, डॉ. सोनल आदि डाक्टरों की उपस्थिति रही।

बता दें कि कांग्रेस के शासनकाल में भी पेंड्री मेडिकल कॉलेज हास्पीटल के लगभग दर्जन भर डाक्टरों ने एक- एक कर के इस्तीफा दे दिया था। उसी समय शासन को सतर्क हो जाना चाहिए था। लेकिन प्रदेश में नई सरकार आने के बाद सरकारी डाक्टरों की केंद्र सरकार की तरह दिए जाने वाली सैलरी व अन्य सुविधाएं के संबंध में समुचित रूप से ध्यान नहीं दिया गया। जूनियर व संविदा डाक्टरों के भरोसे काम निकाला जाता रहा। इसके बाद डाक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध लगाए जाने की गिरी गाज से डाक्टर अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे, और उन्हें सरकारी नौकरी छोड़ कर पूर्ण रुप से निजी प्रैक्टिस करना उपयुक्त लगा।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज हास्पीटल को टाटा, बाय-बाय कर चुके कतिपय डॉक्टर यह कर भी रहे है। जो उन्हे हर दृष्टि से काफी सहुलियत भरा जान पड़ रहा है। यही वजह है कि वे सरकारी हास्पीटलो से इस्तीफा देने उतारु हो रहे हैं। इसमें सीनियर, जूनियर व संविदा डाक्टरों के अलावा नियमित डाक्टर व मेडीसीन विभाग के प्रमुख डाक्टर भी शामिल हैं।

### मेडिकल कॉलेज की मान्यता खतरे में

बता दें कि शहर के पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज हास्पीटल के डाक्टरों द्वारा यदि सामूहिक इस्तीफा डीन को सौंप दी गई तो यहां आने वाले मरीजों का इलाज तो प्रभावित होगा ही साथ ही मेडिकल कालेज की मान्यता पर भी खतरा उपस्थित हो सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि जिस तरह शासन के उच्च विभाग से डाक्टरों के साथ बैठकर व्यवस्था बनाने अथवा बीच का रास्ता निकाले जाने और वैकल्पिक इंतजाम करने के निर्देश मिले हैं। इससे मामला पटरी पार आ सकता है। नहीं तो शासन के नए नियमों से भड़के डाक्टरों ने अपने एक माह केव अल्टीमेटम तो दे ही दिया है। इसके बाद भी मांगे नहीं मानी गई तो उनका सामूहिक इस्तीफा देना तय है। वहीं दूसरी तरफ शासन के निर्देश पर वाक इन इंटरव्यू लेकर सभी विभागों में नए डाक्टरों की भर्ती का एक वैकल्पिक रास्ता खुला भी हुआ है।

# पहले प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया फिर ढहा दिया, आवास की आस में कर्ज में डूबा हितग्राही परेशान



**डोंगरगाँव प्रशासन का खेल**

डोंगरगाँव (दावा)। निकाय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास निर्माण को लेकर हितग्राहियों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. आवास हितग्राही को सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने के बाद पहले पक्का मकान बनाने के लिए स्वीकृति दी और लेंटर लेबल तक आने के बाद उसे ढहा दिया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र में वर्षो से किराये के घर में निवासरत महेन्द्र यादव के नाम पर प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया गया, सभी नियमों और कागजी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाद श्री यादव के पट्टे की जमीन पर नगर पंचायत व्दारा जीओ टेग कर फोटोग्राफी की गई और हितग्राही मकान बनाना प्रारंभ किया गया। उक्त व्यक्ति ने मकान बनाने के लिए कर्ज लेकर एक ठेकेदार को काम सौंपा था. प्लींथ लेबल तक निर्माण होने के बाद एक बार पुनः जीओ टेग का फोटो खींचा गया लेकिन कोई भी राशि उनके खाते में ट्रांसफर नहीं की गई और न ही इसके विषय में कोई जानकारी ही दी गई। शासकीय राशि आने की उम्मीद में काम लगातार जारी रहा और दीवारें उठकर छत ढालने की तैयारी कर रहे महेन्द्र यादव को काम रोकने कहा गया, इसके पश्चात बगैर हितग्राही की जानकारी दिए नगर पंचायत की टीम के साथ अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन मकान को धराशायी कर दी और मलबा के साथ मटेरियल ले गए, श्री यादव ने बताया कि इस विषय में न तो उन्हें कोई जानकारी दी गई और न इस विषय पर कोई कर्मचारी बात करना चाहता है। उन्हें नगर पंचायत पहुंचकर जानकारी लगी कि जिस जमीन पर यह मकान निर्माणाधीन था, उस स्थल का उनके पास पट्टा नहीं है। यह कार्यवाही प्रशासन व नगरीय निकाय की कार्यप्रणाली अनेक प्रश्नचिन्ह लगा रही है. हितग्राही के पास संबंधित जमीन का पट्टा या पेपर नहीं था फिर आवास कैसे स्वीकृत हुआ, आवास स्वीकृति के बाद मकान बनाने के लिए प्राथमिक प्रक्रिया जीओटेग फोटो आदि को इसी स्थल पर क्यों पूर्ण किया गया? कार्य प्रारंभ करने के पूर्व गरीब हितग्राही को कोई जानकारी क्यों नहीं दी गई? प्रथम किस्त के लिए एक बार पुनः जीओटेग क्यों किया गया जैसे अनेक सवालिया निशान सरकार और प्रशासन पर लग रहे हैं. चाहे जो भी हो शासन-प्रशासन और उनके कर्मचारियों की लापरवाही के चलते आवास के नाम पर इस गरीब का बड़ा नुकसान हो गया है और उसे अब भी किराये के मकान में गुजारा करना पड़ रहा है, इसके साथ ही निर्माण के लिए लिया गया कर्ज भी उसके सिर पर है।

## आज गुजराती कॉलोनी मंदिर में संत शिरोमणि पूज्य श्री जलाराम बापा जन्मोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। श्री जलाराम बापा मंदिर गुजराती कॉलोनी कंचन बाग में गुरुवार 7 नवंबर को वीरपुरवासी संत शिरोमणि पूज्य श्री जलाराम बापा का 225 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा, शाम 4 बजे से अन्नकूट छप्पन भोग लगाया जाएगा। साथ ही बापा के भजनों की प्रस्तुति प्रकाश भाई जोशी दुर्ग द्वारा दी जायेगी। शाम 7 बजे मंदिर में महाआरती होगी इसके पश्चात पधारे सभी भक्तों के लिए महाप्रसादी का आयोजन होगा। सभी से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर बापा के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर दर्शन लाभ व प्रसादी ग्रहण करें तथा पुण्य अर्जित करें।

उक्त जानकारी पीआरओ मनीष साहिता ने दी।

## श्री श्यामकुटी परिवार द्वारा स्वर्ण रजत महोत्सव कल से



राजनांदगांव (दावा)। कलि अवतारी, तीन बाणधारी, हारे के सहारे के फाल्गुन की ग्यारस में हुए जन्म को रामाधीन मार्ग के श्री श्यामकुटी परिवार व श्री दासीश्याम मंडल द्वारा स्वर्ण रजत महोत्सव में महान भक्त और श्याम की दीवानी श्रीमीरा चरित्र का गुणगान और कथा अनुरागकृष्ण शास्त्री द्वारा 8 नवम्बर से श्रीअग्रसेन भवन में होगा। शास्त्री जी की एक विशाल भागवत कथा उदयाचल में उदयाचल परिवार द्वारा पूर्व में आयोजित की गई थी।

पूरे 50 वर्षों से श्यामकुटी में खाटूवाले सावलिया सेठ, श्रीश्याम प्रभु की सेवा, पूजा, भोग, परसादी, सत्संग, भजन नियमित रूप से होते आ रही है। जयंती महोत्सव के 6 दिवसीय कार्यक्रम में सबसे वरिष्ठ सदस्य निर्मल शर्मा, विमल शर्मा, विनोद शर्मा के मार्गदर्शन में हो रही है। श्रीखाटू नरेश श्याम प्रभु को 40 से 50 वर्ष पूर्व बहुत कम भक्तगण जानते थे लेकिन 25 से 30 वर्षों में तो उनको कलयुग का अवतारी मानते हुए शहर-शहर और बहुत से गांव में भी श्रीश्याम प्रभु के बड़े-बड़े मंदिर दिखाई देते है श्रीश्यामप्रभु को अब तो लाखों नहीं करोड़ों उनके भक्तजनों, श्रद्धालुओं का खाटू आना निरंतर जारी रहता है। लेकिन श्री श्यामकुटी, श्री दासीश्याम मंडल अपना खाटू तो शहर के रामाधीन मार्ग स्थित श्री श्याम दरबार को मानता है। महोत्सव में होने वाले व्यवस्थाओं के व्यवस्थापक अनिल शर्मा, अवधेश जोशी, कौशलेन्द्र जोशी, संजय अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, नितिश अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, राजेश अग्रवाल और मयंक शर्मा है। पूरा जयंती महोत्सव का कार्यक्रम श्रीमति रजनी शर्मा और विनोद शर्मा के निर्देश पर किया जा रहा है।

अपने सुमधुर गुरूवंदना और गुरूभजन तथा श्रीश्याम गुणगान व भजन कि प्रस्तुति पियुष शर्मा व रोहित शर्मा निखिल टांक देंगे। देश के अनेक राज्यों के अनेक शहरों में महोत्सव का आमंत्रण भक्तजनों को पहुंच और मिल चुका है आने वाले भक्तगण अपने आप को बड़े भाग्यशाली अपने गुरूदरबार में आकर मानते है यहां आने वाले का मानना है कि हमारे चारों धाम और खाटू धाम हमारा श्रीश्याम कुटी ही है। स्थानीय स्तर पर भी महोत्सव के आमंत्रण भक्तगणों को दिए जा रहे है जिसमें अंकित, अर्पित, प्रशांत, सागर भी अपने अपने स्तर से जुड़े हुए है। श्रीश्यामकुटी श्री शक्तिधाम, श्री अग्रसेन भवन की साज श्रृंगार और व्यवस्था रवि शर्मा राहुल, करण अग्रवाल, चैतन्य, अभिनव, हर्ष, सागर अग्रवाल, आयुष शर्मा सम्भाल रहे है। उक्त जानकारी शैलेश शर्मा ने दी है।

## राज्य अलंकरण पुरस्कार से नवाजे गए सहकारिता नेता शशिकांत द्विवेदी



**पुरस्कार लेने के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से लिया आशीर्वाद**

डोंगरगढ़(दावा)। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सहकारिता विभाग के द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सहकारिता नेता एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के निर्वाचित पूर्व अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी को ठाकुर प्यारेलाल सम्मान से राज्योत्सव रायपुर में महामहिम उपराष्ट्रपति द्वारा सम्मान पत्र प्रदान किया गया। श्री द्विवेदी ने इसके पूर्व राजनांदगाव में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। डॉ. रमन सिंह ने श्री द्विवेदी को गुलदस्ता भेंटकर बधाई और शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि शशिकांत द्विवेदी जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष भी रह चुके है। प्रदेश भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक है। वर्तमान में वे बैंक के डायरेक्टर है।

# अमृत मिशन योजना से बिछाई गई पाइप लाइन की हो जांच - अशोक फडनवीस





**० वार्डो में पाइप लाइन बिछाते समय उचित गहराई और लेबल का ध्यान नहीं रखा गया**
**० तीन इंच की पाइप लाइन बिछाने की किसने दी अनुमति**

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व पार्षद अशोक फडणवीस ने बताया कि निगम आयुक्त ने जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिए बिना शहर की अमृत मिशन योजना को निगम आयुक्त ने अपने आधिपत्य में कैसे शामिल किया, यह जांच का विषय है। निगम आयुक्त ने कई नीति गत निर्णय को अपने तुगलकी फरमान जारी किया जो कि निगम हित में नहीं रहे।

आयुक्त केवल अपनी कुर्सी बचाने चंद लोगों का सहारा लेकर पूरे निगम का दोहन किया निगम के कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों के साथ शहर की जनता त्रस्त रही उनके लिए यह प्रतिक्रिया रही कि 1994 से आज तक ऐसा निगम आयुक्त शहर ने नहीं देखा।

फडनवीस ने कहा कि 230 करोड़ की राशि से शहर की प्यास बुझने का सपना दिखाने वाले ही खामोशी की चादर ओड़ लिए है। 24 घंटे शुद्ध जल उपलब्ध और टैंकर मुक्त शहर होगा जैसे नारों के साथ कार्य शुरू किया गया प्रत्येक घर मीटर लगाकर उपयोग के अनुसार राशि ली जाएगी ऐसी बाते आम जनता को बताया गया। आज टैंकर मुक्त शहर का नारा और नारा लगाने वाले लोग लापता है। जिसे जनता टार्च लेकर ढूंढ रही है। मैं भी निकल पड़ा ढूंढने मुझे शहर के वार्डो में पाइप लाइन तीन इंच साइज, बिछाने की गहराई 6 से 9 इंच के अंदर तक सड़कों और गलियों की ऊंचाई के हिसाब से बिना इंजीनियर के देख-रेख से कार्य किया गया ऐसा प्रतीत हुआ है। घर-घर मोटर पंप लगा हुआ है मैने देखा तीन इंच पाइप लाइन से लोगों को पर्याप्त पानी नहीं दिया जा सकता है, शहरी क्षेत्र घनी बस्ती बड़ी बड़ी बिल्डिंग रहवासियों को उक्त पाइप लाइन से पानी नहीं पिलाया जा सकता है।

वास्तव में अगर जनता के हितैषी है हमारे जिम्मेदार तो विशुद्ध ओर सही नीयत से जांच कराए दोषियों पर कार्यवाही करें निगम में विशेष सम्मेलन रखना चाहिए। हमारे विधायक विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का भी कर्म क्षेत्र है जनहित में जांच कराएंगे ऐसी उम्मीद है इस हेतु उन्हें ज्ञापन दिया जाएगा।




# किसान रबी की फसल में अपनी सुविधा के अनुसार फसल ले सकते हैं



**0 जिला प्रशासन द्वारा पत्र जारी कर विभागीय अधिकारियों को दिया गया निर्देश**
**0 अनेक विकासखंड घटते हुए जलस्तर की दृष्टि से सेमी क्रिटिकल स्टेज में आ गए हैं, प्रशासन चिंतित**
**0 पूर्व में जिला प्रशासन ने धान की फसल के स्थान पर अन्य लाभकारी फसल लेने किसानों से किया था आग्रह**

डोंगरगढ़(दावा)। कार्यालय कलेक्टर, जिला-राजनांदगांव द्वारा दिनांक 05 नवंबर को जारी किए गए पत्र में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़, तहसीलदार/नायब तहसीलदार राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया, डोंगरगढ़, घुमका, लालबहादुर नगर, जनपद पंचायत राजनांदगाव, डोगरगांव, छुरिया, मुख्य कार्यपालन डोंगरगढ़ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, वि.खंड-राजनांदगांव डोंगरगांद छुरिया डोंगरगढ़, वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी, वि.खंड (सर्व) को फसल विविधीकरण एवं जलसंक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

संबंधित अधिकारियों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि, पूर्व में रबी-ग्रीष्मकालीन मक्कर, दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों की खेती करने हेतु लेख किया गया था। ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर मक्का, दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों की खेती नहीं करने पर कृषकों से आर्थिक दण्ड लेने के संबंध में समाचार पत्र एवं सोशियल मीडिया के माध्यम से भ्रामक प्रचार किया गया है, जो निराधार एवं असत्य है। जिला प्रशासन द्वारा इस प्रकार के निर्देश जारी नहीं किये गये हैं। यदि इस प्रकार के भ्रामक प्रचार किये जाये तो संबंधितों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करें। जिले के कुछ कृषकों द्वारा लाभकारी फसल लेने की इच्छा व्यक्त की गई थी जिला प्रशासन से

पत्र में कहा गया है कि, जिले के कुछ कृषको द्वारा लाभकारी फसल करने की इच्छा व्यक्त की गई है। अत कृषि उद्यानिकी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के विभागीय अमले द्वारा मक्का, दलहन, तिलहन, सब्जी एवं अन्य आर्थिक रूप से लाभकारी फसले लेने हेतु कृषकों को वैज्ञानिक खेती हेतु तकनीकी सलाह दें, तत्संबंध में संबंधित विभागों से सक्रिय समन्वय करना सुनिश्चित करें। इस परिपेक्ष्य में ग्राम एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सार्थक परिचर्चा करके कृषकों के मध्य मक्का, गेहूं, रागी, दलहन, तिलहन एवं सब्जी जैसे फसलें लेने हेतु अपने अधीनस्थ अमले के द्वारा कृषकों को प्रेरित करें।

### कृषि क्षेत्र घटते हुए जलस्तर की दृष्टि से सेमी क्रिटिकल स्टेज में आ गए

कार्यालय कलेक्टर, जिला-राजनांदगांव द्वारा दिनांक 17 अक्टूबर 2024 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ सहित संबंधित सभी विभाग के अधिकारियों को पत्र जारी कर,फसल विविधीकरण एवं जलवायु के विषय में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। पत्र में कहा गया था कि, जिला राजनांदगांव में विगत वर्ष रबी 2023-24 में 9275 हेक्टेयर में ग्रीष्मकालीन धान की गई खेती के स्थान पर मक्कर, गेहूं रामी, दलहन, तिलहन, सब्जी एवं गम्मा जैसे फसलें लेने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जिले में विकासखंड-राजनांदगांव, डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव में घटते हुए जल स्तर की दृष्टि से सेमीक्रिटिकल स्टेज में आ गये है। विकासखंड छुरिया के भी भविष्य में इस स्टेज में आने की आशंका है। भूमिगत जल का अधिकांश भाग ग्रीष्मकालीन धान हेतु अंधाधुंध दोहन किया जाता है, जिससे भविष्य में जल संकट की स्थिति निर्मित होगी। राज्य एवं जिला स्तर पर इस दिशा में ग्रीष्मकालीन धान को हतोत्साहित कर नक्कार गेहूं रागी, दलहन, तिलहन, सब्जी एवं गन्ना जैसे फसलें लेने हेतु कार्ययोजना तैयार कर क्रिन्यावयन की समीक्षा की जा रही है। कृषि, उद्यानिकी, पंचायत विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों के साथ ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों के सक्रिय सहभागिता से इस कार्य में आशातीत सफलता प्राप्त की सकती है। इस परिपेक्ष्य में कृषकों के ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर मक्कर, गेहूं, रागी, दलहन, तिलहन, सब्जी एवं गन्ना जैसे फसलें लेने हेतु अपने अधीनस्थ अमले के द्वारा प्रत्येक ग्राम के कोटवार से मुनादी कराना सुनिश्चित करें।

# नवागत आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कार्यालय का निरीक्षण कर अधिकारी कर्मचारी से हुये रुबरु

**जनता से जुड़े कार्य प्राथमिकता से करने एवं फाईलों का संधारण के दिये निर्देश**



राजनांदगांव (दावा)। नवागत आयुक्त अतुल विश्वकर्मा आज नगर निगम के सभी विभागों मे जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों से रूबरू हो उनके कार्यो के संबंध में जानकारी लेकर जनता से जुडे कार्य प्राथमिकता से करने के साथ साथ फाईलो का संधारण करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा कार्यालय निरीक्षण के दौरान निगम के सभी विभागों में जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलकर उनके कार्यो के संबंध में जानकारी लिये। उन्होंने डाटा सेन्टर में कार्यरत कर्मचारियों से उनके कार्यो के बारे मे पूछा, कर्मचारियों ने राजस्व डिमाण्ड एंट्री, निष्ठा हाजरी अन्य एंट्री कार्य करने की जानकारी दी। आयुक्त ने एंट्री प्रक्रिया देख कहा कि राजस्व जैसे महत्वपूर्ण एंट्री समय सीमा में पूर्ण करे, जिससे उसके अनुकुल वसूली की जा सके।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा लेखा शाखा, अभिलेख शाखा, स्थापना शाखा, लोककर्म, भवन अनुज्ञा, प्रधानमंत्री आवास योजना, आवक जावक, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन कार्यालय के अलावा सभी विभागों में जाकर अधिकारियों व कर्मचारियों से रूबरू हो उनके कार्यो के संबंध में जानकारी लिये। उन्होंने लेखा शाखा में फाईल एवं केश पंजी देख पंजी संधारण के संबंध में जानकारी लिये, वही स्थापना शाखा में सर्विस बुक की जॉचकर सेवा सत्यापन देख पेंशन प्रकरणों की जानकारी लिये। उन्होंने लोककर्म प्रधानमंत्री आवास, भवन नजूल की फाईले देख समय सीमा में फाईलों का निराकरण के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि फाईलों का नियमित रूप से संधारण करें, नोट शीट में नम्बरिंग हो तथा कव्हर फाईल में विषय इंद्राज कर व्यवस्थित रखे। अपने कार्यालय को अपने घर जैसा साफ सुथरा व व्यवस्थित रखे। उन्होंने प्र.कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव से कहा कि पुरानी फाईले रिकार्ड रूम में व्यवस्थित रखावे, समय समय पर हाजरी रजिस्टर की जॉच करावे। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुकि जनता से जुडी संस्था है, इसे ध्यान में रखकर निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड के अलावा बिजली, पानी सफाई संबंधित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com